तापमान

अधिकतम 39.5 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026




इंदिरा सेतु से सरकंडा पुराना पुल जाने वाली सड़क पर चल रहा निर्माण कार्य।



# टाइल्स इंडस्ट्री संकट में, कई फैक्ट्री बंद, जिले में कीमतें 40 प्रतिशत तक बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और भू-राजनीतिक तनाव के कारण भारत में टाइल्स की कीमतें 10% से 40% तक बढ़ गई हैं। खास तौर पर गुजरात के मौरवी जहां से जिले में टाइल्स आता है वहां के कई प्लांट बंद होने के कारण सप्लाई पर असर भी पड़ा है। सिरेमिक और विट्रिफाइड टाइल्स महंगी हो गई हैं। इससे टाइल्स की 20-22 प्रति वर्ग फीट वाली शुरुआती दर अब 30 प्रति वर्ग फीट तक पहुंच गई है। यही नहीं सामान्य रूप से 160 रुपए में बिकने वाली पेटी का दाम बढ़कर लगभग 270 रुपए हो गया है तो टाइल्स जो पहले लगभग 400 प्रति बॉक्स में थी, वह अब 600 तक मिल रही है। कीमतों में अचानक आई इस बढ़ोतरी से निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों, मकान बनवा रहे लोगों और उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। अगर हालात नहीं सुधरे तो आने वाले समय में और भी कीमतें बढ़ सकती हैं।

- **गैस आपूर्ति में कमी का सीधा असर अब निर्माण कार्यों पर दिखाई देने लगा**



गैस आपूर्ति में कमी और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध का सीधा असर अब निर्माण कार्यों पर दिखाई देने लगा है। सीमेंट, स्टील, डामर, बिजली वायर और अन्य सामग्री के दाम 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जिससे निर्माण लागत में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बिटुमेन (डामर) की भारी कमी के कारण सड़क डामरीकरण का काम में 90 प्रतिशत तक असर पड़ा है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ से खाड़ी और अफ्रीकन देशों से चावल, टाइल्स, लोहा और ड्राई फ्रूट का कारोबार होता है लेकिन, युद्ध के चलते बंदरगाहों में अघोषित बंद के चलते माल परिवहन प्रभावित हुआ है।

### गहरे संकट का सामना कर रही टाइल्स इंडस्ट्री

व्यापारियों के मुताबिक टाइल्स इंडस्ट्री इस समय बहुत बड़े संकट में है। अगर गैस सप्लाई जल्द सामान्य नहीं हुई तो कई यूनिट्स को बंद करना पड़ सकता है। अगर गैस की कीमतें 100 फीसदी तक बढ़ती हैं तो टाइल्स बनाने की लागत भी तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी और बाजार को उसे स्वीकार करना होगा। व्यापारियों ने बताया कि बजरी सहित 38 तरह के माइनर मिनरल पर रॉयल्टी केन्द्र सरकार ने पहले ही बढ़ा दी है। इससे निर्माण और महंगे होंगे, क्योंकि टाइल्स के चलते मार्केट में ग्रेनाइट और मार्बल की खपत में गिरावट पहले से आ गई थी। मार्बल में 10 फीसदी और ग्रेनाइट में 4 फीसदी रॉयल्टी बढ़ाई गई है।

### इस तरह से हुई बढ़ोत्तरी

- ▲ औसत मूल्य वृद्धि- 10% से 40% तक
- ▲ सिरेमिक टाइल्स - (साधारण): 30 से 80 रुपए प्रति वर्ग फुट
- ▲ विट्रिफाइड टाइल्स- 60 से 150 रुपए प्रति वर्ग फुट
- ▲ पोर्सलेन टाइल्स- 80 से 200 रुपए प्रति वर्ग फुट
- ▲ सेनेटरीवेयर- इसमें भी 15-20% की बढ़ोतरी



**20-22 प्रति वर्ग फीट वाली शुरुआती दर अब 30 प्रति वर्ग फीट तक पहुंची**

### कटिंग और वेल्डिंग कार्य बंद करने पड़े

व्यापारियों का कहना है कि सामान्य समय में कमर्शियल सिलिंडर करीब 2,100 रुपए में मिल जाता था, वहीं अब इसकी उपलब्धता लगभग खत्म हो गई है। जरूरतमंद उद्योगों को मजबूरी में ब्लैक मार्केट से सिलिंडर खरीदना पड़ रहा है, जहां कीमत दोगुनी से भी अधिक होकर चार से पांच हजार रुपए तक पहुंच गई है। अधिक खपत वाले उद्योगों के लिए यह अतिरिक्त खर्च बड़ा आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। कई जगहों पर तो एक भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण कटिंग और वेल्डिंग जैसे जरूरी कार्य बंद करने पड़े हैं। इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ा है और करीब 25 फीसदी तक गिरावट दर्ज की जा रही है।

### बढ़ गए हैं दाम

गुजरात की फैक्ट्रियों से आने वाला माल देर से मिल रहा है और कंपनियों ने भी दाम बढ़ा दिए हैं। इसका असर स्थानीय बाजार पर पड़ा है, जिससे टाइल्स की कीमतें बढ़ गई हैं और ग्राहकों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे।

**- जशपाल छाबड़ा,** संचालक छाबड़ा टाइल्स

## खबर संक्षेप

### रसूखदार जुआरी पकड़े गए, 3 लाख 80 जब्त

**बिलासपुर।** देर रात पुलिस ने कोनी क्षेत्र के एक फार्महाउस में दबिश देकर जुआ खेलते रसूखदार जुआरियों को पकड़ लिया। उनके पास से 3 लाख 80 हजार रुपए नकद, 5 कार, 11 मोबाइल जब्त किया गया है। एसएसपी रजनेश सिंह को शिकायत मिली कि कोनी क्षेत्र के गतौरी वृंदावन परिसर के एक फार्महाउस में रसूखदार जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। एसपी के निर्देश पर मनीष शर्मा के फार्म हाउस में छापा मारा गया। यहाँ से सात- आठ जुआरियों को पकड़ा गया है। उनके पास से 3 लाख 80 हजार रुपए, 5 कार,11 मोबाइल जब्त किया गया है। टीम ने जुआरियों को कार्रवाई के लिए कोनी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। देर रात तक कार्रवाई जारी थी। पुलिस ने पूरे नामों का खुलासा नहीं किया है।

### चेचई डेम में डूबकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने के दौरान चेचई डेम में नहाने के दौरान डूब रहे दोस्त को बचाने के फेर में एक युवक की डूबकर मौत हो गई है। पुलिस ने शव बरामद कर मरच्यूरी में रखवा दिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि जरहाभाठा जतियापारा निवासी धीरज रात्रे पिता संजय रात्रे 20 साल 17 मई को 10 से 12 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रतनपुर कोटा मार्ग स्थित चेचई डेम पिकनिक मनाने गए थे। दोपहर 3 बजे धीरज रात्रे अपने दोस्त को पीठ में बैठाकर डेम में नहा रहे थे। इसी दौरान उसका दोस्त डेम में डूबने लगा। वह अपने दोस्त को बचाने गहराई में चला गया। वह किसी तरह अपने दोस्त को गहराई से बाहर निकाल लिया। किन्तु वह गहराई में फंसकर डूब गया। दोस्तों की सूचना पर पुलिस डेम पहुंच गई। गांव के तैराकों की मदद से पौने 8 बजे धीरज रात्रे के शव को डेम से बाहर निकाला गया है।

### छात्र खुदकुशी : संचालक सहित दो पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सल्फास खाकर छात्र के खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने सल्फास बेचने वाले दुकान संचालक सहित दो के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया 7 अप्रैल 2026 को सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र यशवर्धन सिंह ठाकुर पिता संतोष सिंह ठाकुर 21 साल ने कोनी रोड राधा कृष्ण मंदिर के पास सल्फास खाकर खुदकुशी कर लिया था। उनके माता पिता सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं और कैम्पस में रहते हैं। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। जांच में खुलासा हुआ कि मृतक छात्र ने गौरवपथ रोड सिद्ध अपार्टमेंट के पास जिनदत्त साइंटिफिटिक एण्ड केमिकल दुकान से खतरनाक पदार्थ सल्फास खरीदकर खाया था। पुलिस ने फर्म के संचालक सुभाषचंद जैन, कर्मचारी बिहारी लाल कौशिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गार्ड से मारपीट, नर्सों से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सिम्स में हंगामा मचाकर सिक्यूरिटी गार्ड से मारपीट कर नर्सों से गाली गलौज करने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सिम्स हास्पिटल के सिक्यूरिटी गार्ड नेवसा निवासी मनीष कश्यप पिता लक्ष्मी प्रसाद कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई। 15 मई की सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक वह एनआईसीयू वार्ड में ड्यूटी कर रहे थे। सुबह 9 बजे राम सिंह ठाकुर अपने एक साथी के साथ आकर दरवाजा खुलवाने के नाम पर मारपीट करने लगा। नर्स निशा मनी, मनोरमा लकड़ा बीच बचाव करने आईं तो उनके साथ गाली गलौज की गई है। आरोपी राम सिंह ठाकुर एवं एक अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करोड़ों खर्च के बाद भी डीपूपारा तालाब गंदा और बदहाल

शहर के तारबाहर वार्ड स्थित घनी आबादी वाला डीपूपारा तालाब करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद गंदा और बदहाल है। लगभग दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कांक्रीट पुल, पाथवे और लाइट लगने के बाद भी इसे ठीक से संवारा नहीं जा सका और तालाब में जलकुंभी पूरी तरह फैल गई है।इससे पहले साल 2007-08 और बाद के वर्षों में लगभग 4 करोड़ रुपए तक खर्च किए गए, जिससे कांक्रीट का पुल, सौंदर्यीकरण और रोशनी की व्यवस्था की गई थी। फिलहाल यहां रखरखाव नहीं होने से लाइटें, फाउंटेन और टाइल्स गायब हो गए हैं और तालाब में गंदगी है।



## कोताही : अधिकांश बेजाकब्जे की भेंट चढ़ गए

# 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक खर्च, इसके बाद भी 117 ऐतिहासिक तालाबों पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के एक-एक तालाब को स्मार्ट बनाने की बात कही जा रही है तो दूसरी ओर बिलासपुर के ऐतिहासिक तालाब, जो कभी शहर की पहचान और पानी की जरूरत का मुख्य स्त्रोत थे, अब खतरे में हैं। इन तालाबों ने न केवल शहर को जल उपलब्ध कराया, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने और स्थानीय लोगों की आजीविका में भी अहम भूमिका निभाई। मामा भांजा, चांदमारी जैसे कई तालाब न केवल जल स्त्रोत थे, बल्कि शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी हैं। अंग्रेजों के दौर से जुड़े ये तालाब आज अतिक्रमण और प्रशासनिक अनदेखी के कारण खत्म होने की कगार पर हैं। हाल यह है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत 117 तालाब हैं लेकिन जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए जो रिपोर्ट भेजी गई है उसमें 40 तालाबों का ही जिक्र है। इस रिपोर्ट में भी 10 तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण कराने की बात कही गई है।

बिलासपुर में तो खास तौर पर जल स्त्रोतों की दुर्दशा हो गई है। चाहे अरपा नदी हो या फिर तालाब, सब प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। शासन, प्रशासन की ओर से जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, परंतु नतीजा शून्य ही रहा। तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक राशि खर्च की जा चुकी। इसके बावजूद बंधवापारा, बछेरा जैसे गिनती के तालाब ही कुछ हद तक संवर पाए हैं। कई तालाब बेजा कब्जा की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं रकबा घट गया है तो कहीं उस पर माल बन गए गए हैं।

- **जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने जो रिपोर्ट भेजी गई है उसमें भी 40 तालाबों का ही जिक्र**
- **अब प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के एक-एक तालाब को स्मार्ट बनाने की बात कही जा कही**

### शहर में 147 तालाब, अधिकांश गायब

रिकार्ड की बात करें तो शहर में लगभग 147 तालाब हैं। 1992 से अब तक के सेटेलाइट इमेज और आंकड़ों को देखें तो कई तालाबों का अस्तित्व मिट चुके हैं और इन तालाबों के गायब होने से मछली पालन और इससे जुड़े व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पर्यावरणविद और विशेषज्ञों का कहना है कि तालाबों को बचाने के लिए प्रशासन और जनता को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे। चिंगराजपारा के डबरी तालाब और बीच बस्ती के करबला तालाब की हालत यह है कि वह चारों तरफ बेजा कब्जा से इस कदर घिर चुका है कि तालाब के अंदर पहुंचान मुश्किल है।

### मामा भांजा और चांदमारी तालाब पर कब्जे

मामा भांजा तालाब और चांदमारी तालाब, जो अंग्रेजों के समय की धरोहर थे, आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। चांदमारी तालाब पर कभी अंग्रेजों के जवान ट्रेनिंग लिया करते थे, और यह एक ऐतिहासिक महत्व का स्थान था। करबला, चिंगराजपारा और चांटीडीह इलाके में प्रमुख तालाब अतिक्रमण के कारण संकट में हैं। तालाबों को चारों ओर से कंक्रीट के जाल में घेर दिया गया है और कई तालाब पूरी तरह मिट चुके हैं।

### तालाबों को संवारा जा रहा

शहर के तालाबों को लगातार संवारा जा रहा है। स्मार्ट सिटी की ओर से भी इस पर काम हुए हैं। तीन तालाबों को नए सिरे से संवारने के लिए केन्द्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें बिरकोना का हंसासागर तालाब के साथ जोन एक और 2 के 2 अन्य तालाब शामिल हैं।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### जतिया तालाब पर अब तक 9 करोड़ खर्च

जरहाभाठा का जतिया तालाब 9 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पूरी तरह संवर नहीं पाया। तालाब का आलम यह है कि लगातार बारिश के बावजूद उसका एक हिस्सा सूखा और दूसरे हिस्से में एकाध फुट नाले का पानी भरा रहता है। जिससे बदबू आती है। रात में तालाब नशाखोरों के अड्डे के रूप में तब्दील हो जाता है। नाले के पानी को शुद्ध कर तालाब में भरने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है, लेकिन वह महीनों से बंद पड़ा है। कारण उसे चालू करने के लिए बिजली की समस्या है। इंजीनियर की मानें तो ट्रांसफार्मर शुक्रवार को ही लगा है। तालाब के अंदर घास व झाड़ियां उग आई हैं। अभी तक फूड कोर्ट भी नहीं खुल सका है।

# वार्ड 29 उप चुनाव : तारबाहर क्षेत्र से राव भाजपा उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वार्ड क्रमांक 29 तारबाहर क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। यहां से वी मधुसूदन राव भाजपा प्रत्याशी होंगे। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किया जाएगा।



भाजपा प्रत्याशी

भाजपा जिला शहर कोर ग्रुप के निर्णय के अनुसार श्री राव को प्रत्याशी घोषित किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने रेलवे मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक में प्रत्याशी के नाम की घोषणा की । सोमवार 18 मई को दोपहर 12 बजे स्थानीय जिला निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिस कलेक्ट्रेट नामांकन दाखिल किया जाएगा। बैठक में मनीष अग्रवाल, किशोर राय, रवि गोयल, श्रीनिवास राव,पंकज तिवारी, संध्या चौधरी, राजेश रजक, नवीन मसीह, मनीष गुप्ता, प्रकाश यादव पार्षद, गणेश रजक पार्षद, धीरेंद्र केशरवानी, शंकर शाह, सुरेश ध्रुव , संजय चौहान आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 29 में पार्षद का पद रिक्त है, इसके लिए उपचुनाव होना है। चुनाव की घोषणा होने के बाद कांग्रेस और भाजपा में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही थी। कांग्रेस ने एक दिन पहले पूर्व बीडीए अध्यक्ष स्व. शेख गफ्फार के भतीजे और पूर्व पार्षद स्व. शेख असलम के बेटे मोहम्मद आजम को यहां से प्रत्याशी घोषित किया है।

# ट्रेन में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया



गिरफ्तार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टास्क टीम वन और जीआरपी की टीम ने ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। आरोपियों के पास से लाखों रुपए के जेवरात जब्त किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर सीपत निवासी प्रार्थिया सोनाली पटेल पति नरेन्द्र कुमार पटेल 3 मई को 58214 टिटलागढ़ पैसेंजर में अपने पिता के साथ जयरामनगर स्टेशन से किरोडीमलनगर स्टेशन तक जाने के लिए निकली थीं। 7.10 बजे जयरामनगर स्टेशन पर टिटलागढ़ पैसेंजर में चढ़ते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने हैंड बैग का चेन खोलकर उसके अंदर रखा ज्वेलरी बाक्स निकाल लिया था।बॉक्स में 1 लाख 74 रुपए के जेवरात थे। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (सी) के मामला कायम किया गया। आरपीएफ प्रभारी बिलासपुर एवं टास्क टीम के द्वारा विभिन्न स्टेशनों के सीसी टीवी की जांच शुरू की गई। रेसुब पोस्ट व शासकीय रेल पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 - 5 के हावड़ा छोर पर एक समूह को संदिग्ध अवस्था में देखा, उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जामताड़ा झारखंड निवासी तुषार पासवान, विरासत पासवान, मोनिका बेद, मनी देवी मामूनी कैमरा, सुजाता केवरा की तलाशी ली गई। उनके कब्जे से 2 नग सोने का रानी हार, 1 नाग सोने का मंगलसूत्र, एक नाग सोने की चेन,1 जोड़ी सोने की कान की बाली, 1 नाग सोने की अंगूठी, एवं नगद 21 हजार 500 रुपए प्राप्त हुआ।

कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे समूह में कार्य करते हैं एवं साड़ी बेचने वालों का ढोंग रचकर ट्रेनों में भीड़भाड़ वाले स्थान पर महिला यात्रियों को अपना निशाना बनाते हैं। 3 मई को गाड़ी संख्या- 58214 टीटलागढ़ पैसेंजर में जयराम नगर स्टेशन में एक महिला यात्री के चढ़ते समय चोरी की थी। जांच के दौरान एक नग रानी हार, एक नग अंगूठी वजन, एक नग कान की बाली वजन सहित 60 लाख 22 हजार 840 रुपए के अलावा दूसरे मामलों में चोरी किए गए जेवरात सहित करीब 17 लाख 8 हजार 520 रुपए से अधिक का सामान जब्त किया गया।.

### लाखों के जेवर जब्त



## बिलासपुर दिल्ली रूट पर 72 सीटर विमान की मांग

# दिल्ली की उड़ानः एलाइंस एयर ने भेजा 48 सीटर प्लेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहु प्रतीक्षित बिलासपुर दिल्ली की शाम की उड़ान का तीसरा फेरा 17 मई को हुआ, लेकिन आज एयरलाइंस ने 72 सीटर की जगह 48 सीटर विमान ही इस रूट पर भेजा। वहीं फ्लाइट की सीट फुल होने से कई परिवारों को बुकिंग नहीं हो सकी।

गौरतलब है कि इस रविवार शाम की इस उड़ान का पहला फेरा 3 मई को हुआ था और दूसरा फेरा 10 मई को ही उड़ान रद्द हो गई थी। एलाइंस एयर ने विमान की तकनीकी खराबी बता कर उड़ान रद्द की थी। आज उड़ान हुई तो सही पर एलाइंस एयर के द्वारा 48 सीटर विमान ही भेजा। दिल्ली से प्रयागराज हो कर आई फ्लाइट भी लगभग फुल थी वहीं दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में भी 45 सवारी रहे। कल से इस फ्लाइट में टिकटबुक करने की कोशिश कर रहे यात्रियों को 3-4 टिकट एक साथ बुक नहीं हो पा रही थी। कई परिवार आज की फलाइट में सीट नहीं पा सके। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर से मांग की है कि वह बिलासपुर दिल्ली रूट पर 72 सीटर विमान ही चलाए क्योंकि गर्मी के कारण तापमान अधिक होने पर सवारियों की संख्या घटा दी जाती है। ऐसा 48 सीटर में होने पर तो बहुत ज्यादा सीट कम हो जाएगी। समिति ने राज्य सरकार से भी मांग की है कि वह एयरलाइन कंपनी को कहे कि बिलासपुर दिल्ली रूट पर 72 सीटर विमान ही चलाया जाए।






हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री रवि बनर्जी रामशरण यादव बद्री यादव केशव गोरख मनोज श्रीवास शिरीष कश्यप ऋषि राज गौतम प्रतीक तिवारी संतोष पीपलवा समीर अहमद बबला परसराम कैवर्त प्रकाश बहरानी महेश दुबे टाटा अनिल गुलहरे राशिद बख्श देवेंद्र सिंह ठाकुर दीपक कश्यप मजहर खान विभूतिभूषण गौतम आशुतोष शर्मा विभु पांडेय रामा बघेल साबर अली मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर विशेष

# संग्रहालय के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो रहीं मल्हार की प्राचीन प्रतिमाएं

## विभागीय उदासीनता के कारण उपेक्षित है धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

अलग खबर

धर्म नगरी मल्हार में उत्खनन में मिली हजारों प्राचीन प्रतिमाएं खुले आसमान के नीचे धूल, पानी, धूप व प्रदूषण का निरंतर शिकार हो रही हैं। मूर्तियों का क्षरण होने के साथ ही उनका वास्तविक स्वरूप धूमिल हो रहा है।

विडम्बना ये है कि जिले के महत्वपूर्ण पुरावैभव की नगरी मल्हार के लिए विभागीय तौर पर संग्रहालय बनाने निर्णय अब तक नहीं लिया गया है। लोगों का मानना है कि क्षेत्रीय व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक इच्छा शक्ति प्रबल नहीं होने व भारतीय पुरातत्व विभाग की उदासीनता के कारण जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल व धर्मनगरी मल्हार अपने अकूत पुरावैभव को समेटने के बावजूद भी आज भी पिछड़ा है, जबकि यहां की ऐतिहासिक मूर्तियों की गिनती देश की चुनिंदा प्राचीन प्रतिमाओं में होती है। परंतु संग्रहालय नहीं होने के कारण यहां की धरोहर उपेक्षित है। वर्षों से पुरावैभव के लिए विख्यात मल्हार की उपेक्षा अब भी हो रही है।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतिमाएं

पुरातत्वविदों के अनुसार यहां के हरिहर विष्णु की प्रतिमा देश की पहली पाषाण प्रतिमा है जो मल्हार के एक छोटे से संग्रह कक्ष में पड़ा है। पुरावैभव को समेटने भारतीय पुरातत्व विभाग ने मल्हार के पातालेश्वर मंदिर व देऊर मंदिर को संरक्षित किया। जहां हजारों की संख्या में प्राचीन प्रतिमाएं आज भी खुले में पड़ी हैं और धूल, मिट्टी, पानी के क्षरण हो रहा है। विभाग ने अब तक यहां सुसज्जित संग्रहालय का निर्माण भी नहीं कराया है।



### स्थानीय लोगों को थी उम्मीद

वरिष्ठ अधिवक्ता व विचारक राजकिशोर पांडेय का कहना है कि इतिहास व भारतीय संस्कृति पुरातत्व द्वारा 1975 से 78 तक प्रो. केडी वाजपेयी के नेतृत्व में उत्खनन का कार्य हुआ था जिसमें कई कालखण्डों के प्रमाण मिले थे। भारतीय पुरातत्व विभाग ने नगर के कई स्थानों को संग्रहालय बनाने या अन्य उपयोग के लिए चिन्हित कर बाउंड्रीवाल बनाकर वर्षों से रखा है। लोगों को उम्मीद थी कि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का संग्रहालय बनेगा जिसमें हजारों प्राचीन प्रतिमाओं को रखा जाएगा, परन्तु ऐसा कुछ होते नहीं दिख रहा।

### राज्य बनने के बाद से थी उम्मीद

वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद स्थानीय निवासियों को उम्मीद थी कि छोटे राज्य होने का फायदा मल्हार को मिलेगा, क्योंकि यहां हजारों लाखों वर्ष पुरानी संस्कृति की छाप है। यहां धरती के गर्भ में कई राज छुपे है जो उत्खनन से सामने आ सकता है। 15 वर्ष पूर्व भारतीय पुरातत्व विभाग की उत्खनन शाखा नागपुर ने यहां प्राचीन किले की खुदाई की थी। इस दौरान हजारों की संख्या में प्राचीन वस्तुएं प्राप्त हुई थी। दुर्भाग्यवश खुदाई में मिली सभी वस्तुएं खुदाई करने वाली टीम अपने साथ ले गई जिसको यहां लाकर म्यूजियम में रखने की मांग स्थानीय लोग कई बार चुके हैं पर सफलता अब तक नहीं मिल पाई है। इससे पहले भी दो बार उत्खनन का कार्य भी हुआ है जिसमें कई रहस्य सामने आए थे।

### पर्यटन की अपार संभावनाएं

यहां प्राचीन मंदिरों के अलावा प्राकृतिक स्थल में भी जिसमें लीलागर नदी के आसपास की जगह, प्राचीन किला, सरोवर, सहित कई ऐसी जगहें हैं जहां पर्यटकों को लुभाने विकास कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा अत्याधुनिक संग्रहालय बनाकर भी नगर की खूबसूरती बढ़ाई जा सकती है। मन्दिरों के आसपास की तालाबों में बोटिंग, पर्यटन कुटीर बनाकर लोगों को आकर्षित किया जा सकता है।

## कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया उग्र प्रदर्शन



**करगीरोड कोटा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा ने ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी के नेतृत्व में बढ़ते डीजल-पेट्रोल के दाम और सरकार की नाकामी के खिलाफ में पेट्रोल टंकी के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी मंडल के अध्यक्ष परमेश्वर मेरी, चोलाराम नायक, भरत पटेल, दिलीप श्रीवास, धर्मेंद्र देवांगन, जनपद सदस्य सचिन साहू, अली बाबा कश्यप, संजू सिंह चौहान, श्याम यादव, अजय सिंह चौहान, विनय ठाकुर, देवेंद्र कश्यप, कमलू कश्यप, विनोद बंजारे, छोटू जायसवाल, शिव धूलिया, रिंकू दिक्षित, बाबा सोनी, लक्ष्मी महाराज, सुनीता निर्गुण वैष्णो, राजू साहू, प्रकाश जायसवाल, रतन आदि मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंप के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन



**तखतपुर।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं पेट्रोल पंपों में ईंधन की अनुपलब्धता से आम जनता, किसान, मजदूर, युवा एवं छोटे व्यापारियों को हो रही भारी परेशानी के विरोध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर के संयुक्त नेतृत्व में मक्कड़ पेट्रोल पंप तखतपुर के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, भाजपा सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है, जबकि आम जनता महंगाई और अव्यवस्था से त्रस्त है। प्रदेश सचिव आत्मजीत संजू मक्कड़ ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी जनता के हक और अधिकार की लड़ाई निरंतर लड़ती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण तखतपुर के अध्यक्ष अभ्युदय जित्तू तिवारी ने कहा कि किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग आज सबसे ज्यादा आर्थिक मार झेल रहा है। खाद, डीजल, पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने लोगों की कमर तोड़ दी है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर ने भी भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आम जनता से कांग्रेस के संघर्ष में सहभागी बनने का आह्वान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अभय कौशिक, गोविन्द साहू, दिनेश देवांगन, जीतेन्द्र सूर्यवंशी, बिहारी देवांगन, बिसाहू कश्यप, बिरझे राम सिंगरोल, सुरेश सिंह, परमेश्वर सिंगरोल, नीलकमल श्रीवास, रामा सिंगरोल, शारदा सिंह ध्रुव, परदेशी साहू, देवी प्रसाद, दिलीप सूर्यवंशी, दिलहरण सूर्यवंशी, मुन्ना श्रीवास, नट्टू अजमत हुसैन, रमनपाल हुरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, राजवीर हुरा, मुस्तफा वनक, शहजादा, आदर्श बंजारे, संजय गुप्ता, उमेश राजपूत, अजमेर खान, गणेश बघेल, सुनील जांगड़े, मुनीराम साहू, बृजमोहन देवांगन, अरुण देवांगन, शाहनवाज, ब्रह्मदेव राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**मल्हार।** शनिवार को अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओ ने पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ विभिन्न स्थानों में वटसावित्री की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। मान्यता के अनुसार इस बार अभिजीत मुहूर्त में तालाब के किनारे व अपने घरों में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा कर 108 परिक्रमा कर मनवांछित फल की कामना की। नगर के पौराणिक महत्व के परमेश्वरा तालाब, खइया तालाब, मोतिसागर तालाब, नैया तालाब, शिवसागर तालाब व घरो तथा कई स्थानों के सैडको वर्ष पुराने वट और पीपल पेड़ के नीचे महिलाओ ने पूजन किया। मान्यता है कि भारतीय संस्कृति में पीपल और वट बरगद को पूजने के पीछे पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दूरगामी सोच छिपी है।

### पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



**लोरमी।** क्षेत्र में वट सावित्री व्रत एवं पूजा का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विवाहित महिलाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार किया और वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नगर के बाजारपारा सहित अन्य वार्डों में वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। महिलाओं ने पूजा की थाली में फल, फूल, मिठाई, धूप-दीप एवं पूजा सामग्री सजाकर वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा कथा श्रवण कर व्रत का पालन किया। पूरे वातावरण में धार्मिक भक्ति और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की भावना देखने को मिली। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति की आस्था का प्रतीक है, जिसे वे हर वर्ष श्रद्धा भाव से मनाती हैं।

### 5 बालिकाओं को लगाया गया एचपीवी टीका



**मुंगेली।** सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा दिलाने हेतु स्वास्थ्य विभाग गंभीर है, जिससे निजात पाने के लिए राज्य के साथ जिले में भी अभियान चलाया जा रहा है। इस गंभीर बीमारी से लोगों और बेटियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीका लगवाने हेतु कैंप का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर की ओर से किया गया। कैंप में अभिभावक की उपस्थिति व उनकी सहमति से 5 बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाव की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया एवं टीका लगाया गया।

## भीषण गर्मी में आम लोगों के लिए सिरदर्द बनी बिजली कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में बिजली कटौती की समस्या अब आम जनमानस के लिए सिरदर्द बन गई है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार गुल होने वाली बिजली न केवल रातों की नींद उड़ाई है, बल्कि पानी की आपूर्ति व्यवस्था को भी पूरी तरह ठप कर दिया है। शहर और ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति का मुख्य जरिया टेप नल है। इसमें जल विभाग की ओर से पानी छोड़ने का जो समय निर्धारित है, ठीक उसी समय बिजली गायब हो रही है।

चूंकि ऊंची टंकियों और पाइपलाइनों से घरों तक पानी खींचने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल अनिवार्य है, ऐसे में बिजली न होने की स्थिति में लोगों के घरों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच पा रही है। सुबह-शाम की कटौती से स्थानीय निवासियों का कहना है कि, जैसे ही सुबह और शाम को नल खुलने का समय होता है, वैसे ही बिजली काट दी जाती है। पारा 40 डिग्री के पार होने के कारण भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं एवं पानी की खपत बढ़ गई है, लेकिन बिजली की आंख-मिचौली से स्टॉक किया हुआ पानी भी खत्म हो रहा है। ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को बिना नहाए या कम पानी में काम चलाकर घर से निकलना पड़ रहा है। लोगों ने कहा, हम नगर पालिका और बिजली विभाग दोनों को टैक्स देते हैं, लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिलता है। लोगों ने बताया जनता का आक्रोश अब सड़कों पर उतरने को तैयार है। यदि बिजली और पानी के समय का समन्वय नहीं बिठाया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वह जलापूर्ति के समय बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि जनता को इस दोहरी मार से राहत मिल सकें।



### तेज आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

बिल्हा। पिछले दिनों तेज आंधी तूफान आने की वजह से जहां जनजीवन बहुत प्रभावित हुआ, वहीं बड़े-बड़े वृक्ष भी धराशाई हो गए है। ज्ञात हो कि 14 मई की शाम को तेज रफ्तार आंधी-तूफान और बारिश आने की वजह से कई लोगों को भारी नुकसान का भी सामना करना पड़ा। बिल्हा के केशला वार्ड नंबर 13 स्थित शंकर पोहा उद्योग संचालक राजाराम अग्रवाल के मिल परिसर में बनी दो गोडाउन की वॉल और बाउंड्री वॉल पूरी तरह से धराशाई हो गई। इससे उन्हें लगभग 25 से 30 लाख रूपए का नुकसान हो गया, साथ ही नगर में अनेकों पुराने वृक्ष व अन्य छोटे बड़े घरों को भी नुकसान हुआ।

## केंद्र सरकार की नीतियां जनविरोधी: कांग्रेस



**पेंड्रा।** डीजल-पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को पेंड्रा स्थित सुलतानिया पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष गजमती भानु के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण की मांग की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव ने कहा कि, ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों और परिवहन व्यवस्था पर पड़ रहा है, जिससे खाद्य सामग्री सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते ने कहा कि, महंगाई का सबसे अधिक असर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। किसानों की खेती की लागत बढ़ गई है, और आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं कांग्रेस नेता गुलाब राज ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि, यदि जल्द ही कीमतों में कमी नहीं की गई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, ओमप्रकाश बंका, मुद्रिका सर्राटी, रमेश साहू, बेचू अहिरेश, पुष्पराज सिंह, बलबीर करसायल, मूलचंद कुशराम, ममता पैकरा, मनीष दुबे, जयश्री कुशराम, बजरंग महालवाला, राजेश सोनी, राजेश गुप्ता, रमेश कोल, अमित सोनी, पवन केशरी, रियांश सोनी, शिवांश दुबे, अनुज ताम्रकार, प्रशांत तिवारी, पारस जैन, कोमल राठौर आदि मौजूद थे।

## बैंकिंग प्रणाली को समझने विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर के वाणिज्य संकाय द्वारा विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक अपनीत तिर्की एवं सहायक प्राध्यापक संजय बिंझवार के नेतृत्व में विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान एवं बैंकिंग प्रणाली की समझ को विकसित करने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, ग्राम सेतगंगा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों प्रताप, सूरज, खिलेश, करण, अंकिता, शशि, कामिनी आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बैंकिंग कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक एएस खान ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बैंक की विभिन्न सेवाओं, कार्यप्रणाली तथा ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## ईंधन का उपयोग कम करें, पर्यावरण संरक्षण में जोर दें: माधवी



**तखतपुर।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा काठाकोनी मंडल की परिचात्मक बैठक ग्राम डिघोरा में आयोजित की गई, जिसमें जपं अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि, सबसे पहले हमें प्रधानमंत्री के अपील को अमल में लाना है और अपनी अपनी क्षमता के अनुरूप इंधन के उपयोग को कम करना है। ज्यादा से ज्यादा हमें संसाधनों का उपयोग करना है, जिससे पर्यावरण प्रभावित हो और न ही भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो। बैठक में जिला महामंत्री टिकेश्वर कौशिक, जिला महामंत्री मुकेश भारत, जपं अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, पिछडा मोर्चा अध्यक्ष योगेश साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामफल निर्मलकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष राधा वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आनंद अवस्थी, ग्राम डिघोरा सरपंच रामेश्वर यादव, महामंत्री जितेन यादव, महामंत्री वीरेंद्र कौशिक आदि मौजूद थे।

## लोरमी व डिंडोरी में कांग्रेस का प्रदर्शन



**लोरमी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार 17 मई को लोरमी ब्लॉक कांग्रेस एवं डिंडोरी ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर शुभ पेट्रोल पंप नहर के पास प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष लोरमी नितेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव, विद्यानंद चंद्राकर, मायारानी सिंह ने संबोधित किया। ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर एवं रामस्वरूप श्याम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप श्याम, पवन अग्रवाल, आदित्य वैष्णव, आकाश वैष्णव, प्रदीप दुबे, मायरानी सिंह, बिंदु यादव, हेमिन मंगेशकर, पुरुषोत्तम मार्को, सोहन वर्मा, सैयद जाकिर हुसैन, हेमंत मानिकपुरी, लक्ष्मी जायसवाल, नरेंद्र प्रताप ध्रुव, पूरन सेन, राकेश रजक, प्रकाश टोंडे, लोचन राजपूत, मुरली दीना कश्यप, संजीव शर्मा, हेमंत दास, मनमोहन, अरुण कुलमित्र, भागीरथी जायसवाल, अमित खत्री, श्रवण लखन कश्यप, नागेंद्र पटेल उमेश साहू रेख राम जा यसवाल, जाकिर हुसैन, अभिलाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र के विद्यार्थियों सीबीएससी 12वी में दिखाई प्रतिभा



सेतगंगा-मुंगेली। सेतगंगा क्षेत्र के विद्यार्थी सागर देवांगन ने कक्षा 12वीं सीबीएससी कामर्स में 80.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार एवं परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। इसी तरह छात्र सोमेश देवांगन कक्षा 12वीं सीबीएससी विज्ञान में 81.6 प्रतिशत और साहिल देवांगन कक्षा 12वीं सीबीएससी विज्ञान में 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# शनि जन्मोत्सव पर गौरकापा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

गौरकापा स्थित शनि मंदिर में शनिवार को शनि जन्मोत्सव बेहद धूमधाम, हर्षोल्लास और अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंचल में पड़ रही भयंकर गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु घंटों लाइन में प्रतीक्षा करने के बाद न्याय के देवता भगवान शनिदेव के दर्शन कर धन्य हुए। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। वहीं, व्यवस्था को सुचारू बनाने में श्रीराम कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्र, भारत स्काउट गाइड के छात्रों ने भी अपनी सराहनीय सेवाएं दीं। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पानी, भोजन और महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें स्कूली छात्र और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं बजरंग दल के युवा पूरी निष्ठा से जुटे रहे। शनि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर के दोनों ओर लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में भव्य मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं से लेकर बच्चों के खिलौनों और खान-पान की दुकानें सजी हैं। यह प्रसिद्ध शनि मेला आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा।



**जन आस्था हो रही मजबूत:** गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि, भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद शनि जन्मोत्सव पर उमड़ी यह ऐतिहासिक भीड़ सचमुच अकल्पनीय है। एक ग्रामीण अंचल में आध्यात्म की ऐसी लहर लोगों में सनातन के प्रति बढ़ती आस्था और धर्मजागरण का जीवंत प्रतीक है। गौरकापा धाम और यहां की व्यवस्थाएं दिनों-दिन जन-आस्था को और मजबूत कर रही हैं। पटेल ने आगे बताया कि, सदियों पुराने सिद्ध शिव मंदिर के लिए विख्यात गौरकापा धाम आज वर्तमान थानापति और सरलता की प्रतिमूर्ति महंत विवेक गिरी जी महाराज के कुशल निर्देशन और छत्र-छाया में निरंतर प्रगति कर रहा है।

## भक्ति और उत्साह के साथ मना भगवान शनि जन्मोत्सव

लोरमी। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में कर्मों के देवता और न्याय के प्रतीक शनिदेव का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी क्रम में नगर के पिपलेश्वर महादेव शनिधाम पुराना बस स्टैंड के पास शनि जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे से भगवान शनि देव की पूजा-अर्चना, अभिषेक किया गया एवं भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। समाजसेवी एवं शनिदेव भक्त अनिल सलूजा ने भगवान शनिदेव को काला तिल, काला वस्त्र, काले उड़द की दाल एवं सरसों का तेल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसी तरह प्रति गौरकापा शनि धाम में शनि जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। महंत विवेक गिरी महराज ने बताया कि, कई वर्षों बाद आज शनि जन्मोत्सव अद्भुत संयोग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन भगवान शनिदेव की पूजा करने से भक्तों को वांछित फल की प्राप्ति होगी। मंदिर में महाभिषेक, महा आरती, महाभोग एवं प्रसाद वितरण किया गया। देर रात तक भक्तों की भीड़ शनिदेव के दर्शन के मौजूद रही। सारधा, गांधीडीह, लोरमी स्थित शनि मंदिरों में भी शनि जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।



## खबर संक्षेप

### जिला देशहा यादव समाज के टीकाराम बने अध्यक्ष



**बिलासपुर।** जिला देशहा यादव समाज की नई कार्यकारिणी का गठन कोर कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। 31 सदस्यीय कोर कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष टीकाराम यादव, महासचिव विजय कुमार यादव निर्विरोध चुने गए। रामलाल यादव कोषाध्यक्ष चुने गए। इसका संचालन डॉ. मंतराम यादव, जशवंत यादव, धन्नू यादव एवं रामचंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में मनीराम यादव, बहोरन लाल यादव, अमित यादव तिफरा, गौरीशंकर यादव, नंद किशोर यादव, घुरऊ राम यादव, भागवत यादव, रामफल यादव, कृष्ण कुमार यादव, दुर्गेश यादव, दिलीप यादव, अनिल यादव, भागीरथी यादव, उदयराम यादव, लक्ष्मी यादव, लतेल राम यादव, विरज यादव, मनेन्द्र यादव, श्याम यादव, जीवन यादव, संतोष यादव, अशोक यादव, कीर्ति यादव, विनोद यादव, छोटू यादव, मंजीत यादव, धनंजय यादव, दत्तात्रेय यादव, लाला यादव, गोकुल यादव एवं सुनील यादव आदि मौजूद थे।

### पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर आज से



**बिलासपुर।** गीता परिवार द्वारा 18 से 22 मई तक 8 से 15 वर्ष के बालक- बालिकाओं के लिए पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर "संस्कार सिंचन" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पीएम श्री उत्कृष्ट सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में सुबह 7 बजे से संचालित होगा, जिसमें बच्चों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की विशेष व्यवस्था रहेगी। पाँच दिनों के इस सघन प्रशिक्षण में बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें शारीरिक एवं मानसिक विकासर योगासन, ध्यान साधना, लाठी- काठी प्रशिक्षण एवं रोचक खेल के अलावा सांस्कृतिक एवं नैतिक संवर्धन, संस्कृत संभाषण, दैनिक उपासना, संकीर्तन प्रेरणादायी कथाएँ एवं गीता ज्ञान शामिल हैं। रचनात्मकता एवं कला, चित्रकला, रंगोली, अभिनय्र नाट्य समूह गान, देशभक्ति गीत एवं कई प्रतियोगिताए आयोजित की जाएगी। गीता परिवार छत्तीसगढ़ के समन्वयकों ने बताया कि इसमें बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रमिला माहेश्वरी मध्यांचल प्रमुख गीता परिवार का आज बिलासपुर आगमन हुआ। जिनका गीता परिवार के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। वे 18 मई से 23 मई तक होने वाले बाल बाल संस्कार शिविर लेंगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क प्रशिक्षण का उद्घाटन

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में प्रायोजित महाविद्यालयीन छात्राओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसएसपी रजनीश सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि डा विरेंद्र शुक्ल एवं अध्यक्षता प्राचार्य डा एस. आर. कमलेश थे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने छात्राओं से कहा कि दृढ़ संकल्प, प्रयास, कठोर मेहनत कर लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने गीता में वर्णित उस "लोक का याद दिलाया जहां कर्म को प्रधान माना गया है। उन्होंने कहा कि सोते जागते खाते पीते तुम्हें अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा चिंतन–मनन करना चाहिए। कर्म पर ज्यादा ध्यान दोगे तो सफलता आपके कदमों पर होगी। बिना कठिन परिश्रम के सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का कथन– उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। इसी दृढ़ता के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी होगी। उन्होंने अपने दिमाग का भरपूर उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैसे हम चेतन मन का उपयोग कर सकते हैं। जब आप पढ़ाई करते हैं, किसी प्रश्न का उत्तर देते हैं, या किसी बात पर ध्यान देते हैं, तब चेतन मन काम करता है। अवचेतन मन यह मन का गहरा भाग होता है जिसमें हमारी यादें, आदतें, भावनाएँ और अनुभव छिपे रहते हैं। यह बिना हमारे सीधे ध्यान के काम करता है। सामान्य अपने जीवन काल में 10 प्रतिशत दिमाग का उपयोग करता है। विशिष्ट अतिथि डा. विरेंद्र शुक्ल ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा का निरंतर अध्ययन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं, तो वह व्यक्ति कभी असफल नहीं होता। प्राचार्य डा. एसआर कमलेश ने इस प्रशिक्षण का समुचित उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में 600 से अधिक छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। कार्यक्रम का संचालन डा कावेरी दाभड़कर ने किया।

### एयू में एनईपी सेकेंड व फोर्थ सेमेस्टर परीक्षा 1 से, टाइम जारी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बुधवार को विभिन्न परीक्षाओं के टाईम टेबल जारी किए गए हैं। इसके अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली सत्र 2025-26 की सभी शासकीय एवं अशासकीय कालेजों में प्रवेशित स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी की परीक्षा 1 जून से शुरू होगी। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी टाईम टेबल के अनुसार द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा एक पाली में सुबह 7 से 10 बजे तक होगी। इसके अलावा विधि संकाय अंतर्गत एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षा का भी टाईम टेबल जारी किया गया है जिसकी परीक्षा भी 1 जून से चालू होगी। यूनिवर्सिटी के यूटीडी की सम सेमेस्टर परीक्षा भी 1 जून से चालू हो रही है। इसी तरह पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है जिसका समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

### कोनी में रोजगार मेला 20 को 495 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 20 मई को सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 7 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें बीमा सखी एलआईसी, लाइफ मित्र, फील्ड ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर, मशीन ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, सुपरवाईजर एवं लेबर सहित कुल 495 पद शामिल हैं। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अधिक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी बिलासपुर से प्राप्त की जा सकती है।

**स्कूलों में सुरक्षित रखी जाएंगी किताबें** — बच्चों को बांटी गई पाठ्य पुस्तकों को सत्र समाप्त होने पर वापस ले लिया जाएगा

# स्कूलों में बनेंगे 'बुक बैंक', पुरानी किताबों का होगा उपयोग, नहीं होगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से एक नई पहल की गई है। अब पुरानी किताबों का स्कूलों में उपयोग हो सकेगा। इसके लिए स्कूलों में बुक बैंक स्कूल में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके तहत बच्चों को बांटी गई पाठ्य पुस्तकों को शिक्षा सत्र समाप्त होने पर वापस ले लिया जाएगा और इनमें से कटी-फटी किताबों को अलग कर, जो किताबें दोबारा इस्तेमाल लायक होंगी, उन्हें स्कूलों में ही सुरक्षित रखा जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक नया शिक्षा सत्र शुरू होने पर नई किताबें स्कूलों तक समय पर नहीं पहुंच पाएगी, तब शिक्षक बुक बैंक की इन्हीं किताबों से बच्चों को पढ़ाएंगे। इस व्यवस्था को इसी शिक्षा सत्र से ही लागू किया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण



संचालनालय रायपुर ने सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने बताया कि बुक बैंक की स्थापना फिलहाल कक्षा पहली से लेकर कक्षा दसवीं तक के लिए लागू होगी। ध्यान रहे कि शालाओं में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक बच्चों को छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक और एनसीईआरटी पाठयक्रम की पुस्तकें निःशुल्क रूप से बांटी जाती है।

### किताबों की कमी से पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित

योजना के तहत स्कूल में बुक बैंक स्थापित करने की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी। संस्था प्रमुख के निर्देशन पर ही स्कूल के शिक्षक बच्चों को बांटी गई पाठ्यपुस्तकों को सुरक्षित और संभालकर इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेंगे। वार्षिक परीक्षा होने के बाद बच्चों से कक्षावार और विषयवार पुस्तकों को संस्था में वापस लेना होगा और उसे सुरक्षित रखना होगा। वहीं नए शिक्षा सत्र में स्कूल खुलने के उपरांत नई किताबों की अनुपलब्ता से बुक बैंक में रखी किताबों को बच्चों में बांटना होगा, ताकि बच्चे किताबों से पढ़ाई कर सकें और किताबों की कमी की वजह से पढ़ाई प्रभावित न हो।

### स्कूलों में इस तरह होगी बुक बैंक की स्थापना



वार्षिक परीक्षा के बाद वितरित सभी पाठ्यपुस्तकों को कक्षावार एकत्र किया जाएगा। इस बात का खासतौर पर ध्यान रखा जाएगा कि कटी-फटी व अनुपयोगी किताबों को छांटकर अच्छी किताबों को दोबारा सुरक्षित रखा जाए, नए शिक्षा सत्र में नई पाठ्यपुस्तकें पहुंचने में देरी की स्थिति में बुक बैंक में रखी सुरक्षित किताबों को आवश्यकता के अनुसार बच्चों को बांटा जाएगा।

### हर साल होती है यह समस्या

अधिकारियों के अनुसार बुक बैंक की स्थापना के पीछे प्रमुख वजह यह भी है कि अक्सर शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद भी स्कूलों तक पाठ्यपुस्तकें समय पर नहीं पहुंच पाती। शिक्षकों के सामने बच्चों को अध्यापन कराने में दिक्कत आती है। बिना किताबों के बच्चों को पढ़ाना संभव नहीं हो पता, जिसके कारण ही बुक बैंक की योजना पर काम किया जा रहा है।

### काम शुरू किया जा रहा

सरकारी स्कूलों में बुक बैंक स्कूलों में बुक बैंक की स्थापना को लेकर आदेश मिला है. इस पर काम शुरू किया जा रहा है, बुक बैंक का एक फायदा यह भी होगा कि किसी भी स्तर पर बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी. बच्चों में इस परंपरा को भी विकसित किया जाएगा कि वह किताबों को सुरक्षित और अपने पास सहेज कर रखें, ताकि अगले वर्ष यह अन्य छात्रों के काम आ सके।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर

औसतन दस प्रतिशत बढ़े खाद्य सामग्रियों के दाम

# बाजार में महंगाई की धमक, 50 रूपए पर पहुंचा टमाटर, दाल व खाद्य तेल भी महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाहरी आवक कमजोर होने से बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। कुछ दिनों पहले तक ही पचीस रूपए में प्रतिकिलो की कीमत में उपलब्ध टमाटर सीधे पचास रूपए प्रतिकिलो की दर पर दोगुने दाम में बिक रहा है। किराना सामानों विशेषकर दाल व खाद्य तेल की कीमतों में भी दस से बीस रूपए प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। किराना व्यवसाइयों की मानें तो राशन पर खर्च होने वाले बजट में औसतन दस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है।

- **एक महीने के दौरान दिखने लगा अंतर**

पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी एवं बाहरी आवक कमजोर होने के फलस्वरूप बाजार में महंगाई नजर आने लगी है। तीन से चार दिनों पहले तक ही बीस से पचीस रूपए प्रतिकिलो की दर पर बिकने वाला टमाटर अभी सीधे पचास रूपए किलो की दर पर बिक रहा है। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि अन्य सब्जियों के दाम बढ़ने से लोगों को प्रभाव नहीं पड़ रहा है, लेकिन टमाटर का प्रयोग प्रत्येक सब्जी में होने के कारण लोगों को इसके दाम में बढ़ोतरी होने से खासा प्रभाव पड़ रहा है।

इसी तरह गोभी साठ रूपए, भिंडी साठ रूपए, परवल पचास रूपए, ढेंस कांदा अस्सी रूपए प्रतिकिलो की दर पर मिल रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि धनिया और मिर्च की कीमतों में भी डेढ़ गुना तक की बढ़ोतरी हो गई है। इधर किराना सामानों की



कीमतों में भी बढ़ोतरी के बाद लोगों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। किराना व्यवसाइयों के अनुसार एक महीने में प्रत्येक सामानों में दस से बीस रूपए तक की बढ़ोतरी हुई है। खासकर बढ़ोतरी में दाल व खाद्य तेल शामिल हैं। राहल दाल की कीमत 130 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच चुकी है, जबकि सामान्य श्रेणी की दाल बीते महीने तक 105 से 115 रूपए प्रतिकिलो की कीमत में उपलब्ध थी। इसी तरह रिफाइंड तेल 170 रूपए प्रतिकिलो, सरसों तेल 170 रूपए प्रतिकिलो की कीमत पर पहुंच चुके हैं, जबकि सफोला गोल्ड जैसे तेल के ब्रांड 260 रूपए प्रति किलोग्राम तक की कीमत पर पहुंच चुके हैं। बाजार में मंहगाई की यह स्थिति है कि पूजा के दौरान दीया जलाने वाले तेल तक की कीमत 130 रूपए लीटर तक पहुंच चुकी है। व्यवसाइयों के अनुसार फिलहाल लोकल आवक होने के कारण आलू 25 से 30 व प्याज के दाम 20 से 25 रूपए प्रतिकिलो की दर पर उपलब्ध हैं। दुकानों में फिलहाल मसाले व साबुन की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं है। दुकानदारों ने आगामी दिनों में पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी होने पर बाहर से आने वाले सामानों की कीमतों में और बढ़ातरी होने की संभावना जाहिर की है।

## रेंजर निवास के सामने लगे चंदन का पेड़ काटकर ले गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वन मंडल में अवैध पेड़ों की कटाई करने वाले आरोपियों ने रेंजर का निवास भी नहीं छोड़ा और रेंजर के घर के सामने लगे चंदन के पेड़ को काटकर ले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद विभाग ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जांच शुरु कर दी है।

- **मरवाही वन मंडल में नहीं थम रही है अवैध कटाई और तस्करी**

मरवाही वन मंडल में अवैध पेड़ों की कटाई और परिवहन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले यहां के जंगल में सैकड़ों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई, जिसमें प्रदेश की उड़नदस्ता टीम ने आकर जांच की। इस दौरान लाखों के पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था। गौरेला परिक्षेत्र के पिपरखुंटी बीट के कक्ष क्रमांक 2324 एवं 2325 में अवैध वृक्ष कटाई एवं लकड़ी भंडारण के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके अलावा कक्ष क्रमांक 2299, 2300, 2301 एवं 2325 में पाई गई वृक्षों की कटाई ईंधन, मकान, निर्माण, बाड़ी निर्माण आदि कार्यो एवं स्थानीय आवश्यकताओं की लिए करने का मामला भी उजागर हुआ। इस दौरान आंकलन में 1 लाख 99 हजार 972



रुपए के 42 ठूंठ पाए गए, जिसमें लाखों का नुकसान भी विभाग को हुआ था। इस मामले की जांच अब तक चल रही है कि लकड़ी तस्करों ने अब वन विभाग के अफसरों के निवासी के सामने लगे हरे-भरे पेड़ों को भी नहीं छोड़ा। मरवाही वन मंडल के रेंजर के निवास के सामने लगे हरे-भरे पेड़ को काटकर आरोपी ले गए। दूसरे दिन विभाग के अफसरों को इसकी भनक लगी, जिसके बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम करने के उपरांत खोजबीन शुरु कर दी गई है।

### पुलिस को भी सूचना

रेंजर के घर के सामने चंदन का पेड़ लगा हुआ था। इस पेड़ के अलावा राजस्व भूमि में लगे हरे-भरे पेड़ों को भी लकड़ी तस्करों ने काटा है। मामले की छानबीन शुरु करने के साथ ही स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया गया है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

**-ग्रीष्मी चांद,** डीएफओ, मरवाही वन मंडल

## दुर्घटना के बाद युवकों ने दो युवकों को बेरहमी से पीटा, सिम्स में भर्ती

**हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्घटना के बाद वाहन सवारों ने दो युवकों के साथ जमकर लाठी राड, बेल्ट से पिटाई कर दिया है। घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पचपेड़ी चौकी प्रभारी राज सिंह ने बताया, पचपेड़ी निवासी प्रभाकर मार्सल पिता राकेश मार्सल 17 मई को दोपहर 12.30 बजे बड़ी मां के दशगात्र कार्यक्रम में गए थे। वे और निमेश राय, दिलेश्वर मार्सल बाइक में लाउड स्पीकर से समाज में महिलाओं को नहाने के लिए आवाज दे रहे थे।

गांव के पेट्रोल पंप के पास बादल जांगड़े ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। ठीक से चलाने को कहने पर बादल जांगड़े, विक्की जांगड़े, विकास मार्सल, सरोज जांगड़े एव अन्य लोग आए और हाथ मुक्का लाठी, नुकीली वस्तु, ईंट से जमकर मारपीट की गई।जिससे प्रभाकर, निमेश राय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने वाले फरार शातिर चोर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने वाले फरार शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि पूर्व में पावर हाउस चौक के तीन दुकान व एक कपड़ा दुकान का शटर तोड़कर चोरी किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक चोरी करते नजर आ रहे थे।



उसमें से एक युवक की पहचान कर लिया गया था। वह शहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस उसकी पतासाजी में लगी हुई थी। 16 मई को अड्डाबाजी चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि फरार आरोपी कुछ दिन पूर्व वापस घर आया है। टीआई रजनीश सिंह ने स्टाप के साथ घेराबंदी कर फरार आरोपी पावर हाउस चौक तोरवा निवासी नैतिक उर्फ गणेश प्रधान पिता मनोज प्रधान 20 साल को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी की नए कपड़े बरामद किया गया है। आरोपी के द्वारा अकलतरा रेलवे स्टेशन से मोबाइल लूट की घटना भी स्वीकार किया गया है। चोरी की नकद रकम को अपने साथियों के साथ बांटकर खर्च कर देना बताया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूल में शिक्षिका के पर्स से मंगलसूत्र चोरी

**बिलासपुर।** स्कूल शिक्षिका के पर्स से सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोनी पुलिस के अनुसार राजेन्द्रनगर निवासी शुभा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय कोनी सेमरताल स्कूल में शिक्षिका है। 1 अप्रैल को वह अपने पर्स में सोने का मंगलसूत्र रखकर स्कूल गई। पर्स आफिस में छोड़कर पढ़ाने के लिए क्लास में चली गई। छुट्टी होने पर वह अपना पर्स लेकर घर लौट गई। घर में देखी तो पर्स से मंगलसूत्र चोरी हो गई थी। बाहर चले जाने के कारण वह रिपोर्ट नहीं लिखा पाई थी। 16 मई को उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।



## डॉ. श्रीकांत और उनकी टीम ने प्रीमैच्योर नवजात को दिया नया जीवन

**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर।** श्री शिशु भवन हॉस्पिटल, मध्यनगरी चौक ईदगाह रोड में डॉक्टरों की अथक प्रयास से एक नन्हीं जिंदगी को मौत के मुहाने से वापस लौटा दिया। 30 मार्च को 28 सप्ताह में जन्मे एक अत्यंत गंभीर प्रीमैच्योर नवजात शिशु को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे के पिता शिव कुमार मानकर एवं माता सुभाषिनी मानकर निवासी गायत्री नगर मीरपेठ, हैदराबाद अपने मासूम की हालत देखकर पूरी तरह टूट चुके थे। जन्म के समय बच्चे का वजन मात्र 850 ग्राम था। इतनी कम उम्र और कम वजन में जन्म लेने के कारण उसके फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं थे, हृदय संबंधी गंभीर समस्याएं थीं, मस्तिष्क में रक्तस्राव हो रहा था तथा संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा था। हर गुजरता पल परिवार के लिए भय, पीड़ा और अनिश्चितता से भरा हुआ था।



डॉ. श्रीकांत गिरी

श्री शिशु भवन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. श्रीकांत गिरी एवं उनकी टीम ने बिना समय गंवाए उपचार प्रारंभ किया। प्रारंभिक दिनों में नवजात को हाई ऑक्सीजन फ्लो सपोर्ट पर रखा गया, बाद में आवश्यकता अनुसार वेंटिलेटर सहायता एवं अन्य सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपचार प्रदान किए गए। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की सतत देखभाल से बच्चे की स्थिति में सुधार होने लगा। 17 मई को बच्चे को पूर्णतः स्वस्थ होने पर सकुशल अस्पताल से छुट्टी दी गई। उसके माता-पिता ने कहा कि "हमने अपने बच्चे के बचने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन श्री शिशु भवन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उसे एक नया जीवन देकर हमारे परिवार की खुशियां लौटा दीं। यहाँ के डॉक्टरों और स्टाफ ने केवल इलाज नहीं किया, बल्कि हर पल हमें हिम्मत, विश्वास और सहारा भी दिया। यह अस्पताल हमारे लिए किसी भगवान के आशीर्वाद से कम नहीं है। हम जीवनभर इनके इस उपकार को कभी नहीं भूल पाएंगे।" डॉ. श्रीकांत गिरी ने बताया कि समय से पूर्व एवं 1 किलोग्राम से कम वजन में जन्म लेने वाले नवजातों का उपचार अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे बच्चों के मस्तिष्क, फेफड़े, आंतें एवं अन्य महत्वपूर्ण अंग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते, जिसके कारण सांस लेने, दूध पचाने एवं संक्रमण से लड़ने में गंभीर कठिनाइयाँ आती हैं। कई बार मस्तिष्क के अपरिपक्व होने के कारण नवजात सांस लेना तक भूल जाता है। ऐसे बच्चों को बचाने के लिए अत्याधुनिक मशीनों, विशेष दवाइयों, निरंतर निगरानी और संक्रमण नियंत्रण की अत्यधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि नवजात को स्वस्थ कर घर भेज पाना यह शिशु भवन टीम की मेहनत, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था, नर्सिंग स्टाफ की समर्पित सेवा तथा परिजनों के धैर्य और बच्चे की अदम्य जीवटता का परिणाम है। इस सफल उपचार में डॉ. श्रीकांत गिरी के साथ एन आई सी यू के प्रभारी डॉ. रवि द्विवेदी व श्री शिशु भवन टीम, डॉ. प्रणव अंधारे, डॉ. रोशन शुक्ला, डॉ. मोनिका जायसवाल, डॉ. प्रतिभा अग्रवाल, डॉ. नक्षत्र, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. विशाल मांझी एवं समस्त कुशल नर्सिंग एवं सहयोगी स्टाफ का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। अस्पताल के प्रबंधक नवल वर्मा ने बताया कि यहाँ गंभीर से गंभीर नवजातों को भी बेहतर एवं संवेदनशील उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं**

# सरकंडा के सैकड़ों घरों में दो दिन से पहुंच रहा गंदा और काला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के कई घरों में पिछले दो दिनों से गंदा पानी आ रहा है। रविवार को छुट्टी के दिन तो अधिक परेशानी हुई और लोगों को निगम से शिकायत तक करनी पड़ी।

- **गर्मी में लोगों को परेशान होना पड़ रहा**

हालांकि समस्या का समाधान नहीं हो सका और इस गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ा। खास तौर पर वार्ड नंबर 62 के कच्छ गुर्जर भवन के पीछे और आसपास की गलियों में गंदे पानी की शिकायत अधिक रही। वार्ड वासी शैलेन्द्र तिवारी के साथ ही अन्य लोगों ने इसकी शिकायत पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला से की है। श्रीमती शुक्ला ने



भी कोशिश की लेकिन नतीजा नहीं निकला। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी शहर की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है गंदा पीने का पानी। कई वार्डों में नलों से पीला, बदबूदार और मटमैला पानी आने की शिकायत हमेशा से रही है। इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं लेकिन नगर निगम और जल विभाग के अधिकारी बिल्कुल लापरवाह बने हुए हैं।

सरकंडा क्षेत्र में लोगों की शिकायत के बाद जब हरिभूमि की टीम पहुंची तो लोगों ने बताया कि नल का पानी पीने लायक नहीं है, लेकिन मजबूरी में वही पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है। कई परिवारों को बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है, लेकिन हर किसी के पास यह सुविधा नहीं है। पिछले तीन चार दिनों से तो काला और गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। लोग इसे पीने के लिए मजबूर हैं इससे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। निगम प्रशासन शुद्ध पेयजल सप्लाई का दम भर रही है जो पूरा नहीं हो सका।

### पाइपलाइन से फैल रहा संक्रमण

दरअसल शहर में पेयजल सप्लाई की लाइनें गंदगी से भरी नालियों के बीच से गुजर रही हैं। ये पाइपलाइनें कई साल पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह से टूट चुकी पाइपों में नालियों का गंदा पानी रिसकर घरों तक पहुंच रहा है। यानी लोग अनजाने में सीवर का पानी पी रहे हैं। इस बारे में जोन इंजीनियरों का कहना है कि सरकंडा क्षेत्र के शकुंतलम हाइट्स के पास पाइप लाइन में लीकेज हो गया था। इससे परेशानी हुई। बाद में लेकिन इसे सुधार लिया गया। हालांकि लोगों का कहना है कि सुधार के बाद भी गंदा पानी ही घरों तक पहुंच रहा है। अब निगम सोमवार की सुबह से मरम्मत कार्य करने की बात कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### यदुनंदन नगर से घुरू-अमेरी होकर गौरव पथ तक बनेगी सड़क

**सकरी।** बिलासपुर के वैकल्पिक मार्ग यदुनंदन नगर तिफरा सब्जी बाजार से घुरू अमेरी रेलवे क्रॉसिंग से होते हुए गौरव पथ बिलासपुर को जोड़ने 8 करोड़ 77 लाख की लागत से सड़क निर्माण चौडीकरण, डामरीकरण एवं मजबूतीकरण 3.50 किलोमीटर का भूमिपूजन सोमवार शाम 5 बजे अमेरी स्थित सतनाम भवन के पास मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य एवं तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग विगत कई वर्षों से क्षेत्र की जनता कर रही थी, अब इस सड़क की सौगात मिल जाने से क्षेत्र के लोगों को सुगम एवं वैकल्पिक आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।

## निधन

### अमित शुक्ला



**बिलासपुर।** चक्रधर नगर थाना रायगढ़ में पदस्थ नगर निरीक्षक अमित शुक्ला का 17 मई को निधन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 18 मई को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुरा (नांदघाट) निवासी संतोष शुक्ला के पुत्र एवं आनंद शुक्ला के भाई थे।

### जोहरा बेगम



**बिलासपुर।** तालापारा संजय नगर निवासी जोहरा बेगम का 16 मई को निधन हो गया। वे 66 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को मरिमाई स्थित खामोशगंज में किया गया। वे स्व. शेख निजामुद्दीन की पत्नी, स्व. शेरू, शेख सद्दाम की माँ व शेख मोनिश की दादी थीं।

### पुष्पलता जैन



**बिलासपुर।** पुराना मीना बाजार कुदुदंड निवासी पुष्पलता जैन का 17 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 मई को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. मोतीलाल जैन की पत्नी थीं।

### अनुपमा तिवारी



**सकरी।** ग्राम देवरीकला निवासी ब्रजेश तिवारी की धर्मपत्नी अनुपमा तिवारी का 17 मई को शाम 6 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 मई सोमवार को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आनंद तिवारी की मां एवं साहित्यकार डॉ विवेक तिवारी की

### देश की आंतरिक व बाह्य चुनौतियों से रूबरू हुए कार्यकर्त्ता

# देश के हर नागरिक को सजग होने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रशिक्षण में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

रमतला कोनी स्थित शिव मंगल भवन में आयोजित दो दिवसीय भाजपा कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण अभियान के प्रथम दिवस प्रदेश के विषय विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओ के सामने अपने अपने विषय रखे। भाजपा के विकास एवं इतिहास, पार्टी के पुरोधाओं व केंद्र एवं राज्यों सरकार की उपलब्धयों से अंकित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को देश के समक्ष आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया गया एक तरफ जहां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक, सामरिक व कूटनीति क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रही है, वहीं देश के भीतर कुछ आतंरिक और बाह्य चुनोतियां आज भी विद्यमान हैं।

प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि, भारत की बढ़ती ताकत और क्षमताओं के कारण अंदर और बाहर कुछ ताकतें देश को अस्थिर और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं। वे भारत के सामरिक आर्थिक व सामाजिक हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके प्रति देश के हर नागरिक को सजग होने की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण के जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाभियान के प्रारम्भ दिवस पर रविवार को सात खंडों में विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी छत्तीसगढ़ खाद्य आपूर्ति विकास निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, संभाग सह प्रभारी अनुराग शुक्ला, बेलतरा विधायक सुशांत ,पूर्व विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा मोहित जायसवाल महामंत्री यश मनहर जनक देवांगन सहित प्रशिक्षार्थी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता, डॉ श्यामाप्रासाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में वर्ग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भाजपा का इतिहास एवं विकास पर अपने वक्तव्य दिए पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने कार्यकर्ता विकास गुण आचरण और अपेक्षाएं पर प्रकाश डाला प्रदेश सोशल मिडिया सह संयोजक राकेश चंद्राकर ने सोशल मिडिया में नई तकनीक उपयोग के टिप्स दिए। विधायक सुशांत शुक्ला ने संगठन कार्यक्रम विस्तार पर अपनी दृष्टि दी। मीडिया प्रबंधन पर प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया एवं व्यवहारिक सत्र में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडेय ने विभिन्न विषयों पर विमर्श दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री प्रशिक्षण वर्ग में शामिल रहे।



# कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का समापन उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक ठाकुर भूपेंद्र सिंह, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, प्रशिक्षण प्रभारी निर्मल सिन्हा, वर्ग सहप्रभारी जसविंदर सिंह बग्गा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, कैलाश सिंह ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, पथरिया नगर पंचायत अध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, लोरमी नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, मुंगेली नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिले के 11 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा अपेक्षित श्रेणी के कुल 177 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश साहू एवं उनकी टीम, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजना देवी दास एवं उनकी टीम तथा भाजपा किसान मोर्चा के रितेश यादव, विश्वनाथ साहू एवं शंकर सिंह की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता एवं विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में भारतीय जनता पार्टी की रीति, नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल मंत्र पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी की संपूर्ण नीति, विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने वाला सच्चा ध्वज वाहक होता है। कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है, जो केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करता है। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा, यह प्रशिक्षण वास्तव में समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मैं स्वयं भी दो दिनों तक इस प्रशिक्षण में एक परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुआ और कार्यकर्ताओं के साथ सीखने, समझने तथा संगठन की कार्यपद्धति को निकट से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्ग सहप्रभारी जसविंदर सिंह बग्गा ने कहा कि, इस प्रशिक्षण को आप किस रूप में ग्रहण कर रहे हैं, यही इसका वास्तविक महत्व और उद्देश्य है।



## कायस्थ समाज ने राज्यमंत्री तोखन से की मुलाकात

**बिलासपुर।** कायस्थ समाज बिलासपुर ने 17 मई को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया।

इस मौके पर कायस्थ समाज की बहुप्रतीक्षित मांग चित्रगुप्त द्वार एवं चित्रगुप्त घाट निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। गौरतलब हो कि, रिवर व्यू में चित्रगुप्त घाट एवं चित्रगुप्त द्वार निर्माण की मांग समाज के द्वारा हमेशा से की जा रही है, जिसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए श्री साहू ने बारिस से पहले चित्रगुप्त घाट बनाने का आश्वासन दिया है। कायस्थ समाज के अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा कि, आने वाले समय में दीपावली एवं छठ पूजा जैसे महापर्व का आयोजन सनातन धर्म के सभी वर्गों द्वारा किया जाना है, जिसे ध्यान में रखते हुए यदि आवश्यकता हुई तो समाज के लोगों द्वारा भी श्रमदान कर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर आलोक वर्मा के साथ मदन श्रीवास्तव, गोवर्धन श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, विनोद वर्मा, जयंत श्रीवास्तव, रजनीश वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## ताइक्वांडो में जिले के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन




तेलंगाना में ताइक्वांडो प्रदर्शन करने पहुंचे खिलाड़ी।

**सीपत।** राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और संघर्ष का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया।

15 से 17 मई तक हैदराबाद में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब बिलासपुर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए। खास बात यह रही कि क्लब के 10 में से 10 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर नया कीर्तिमान रचा, जो क्लब के इतिहास में पहली बार हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे बिलासपुर और छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में शानदार मुकाबले करते हुए 4 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में शिवांगी सिंह 67 किग्रा, आरिफ 25 किग्रा, ख्वाहिश पात्रे 32 किग्रा और रिया भट्टाचार्य 41 किग्रा शामिल रहे। वहीं पंखुड़ी 51 किग्रा और वैष्णवी 44 किग्रा ने रजत पदक जीतकर टीम का गौरव बढ़ाया। कांस्य पदक निशा 42 किग्रा, नैंसी 38 किग्रा, मंशा 32 किग्रा और प्रत्युष 41 किग्रा को मिला। इस शानदार प्रदर्शन को खेल जगत में बिलासपुर का दमदार कमबैक माना जा रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मजबूत मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब बिलासपुर के संचालक एवं मुख्य कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने कहा कि मेरे लिए यह बेहद गर्व और भावुक कर देने वाला पल है। पहली बार हमारी टीम के 10 में से 10 बच्चों ने पदक जीते हैं। यह सिर्फ बच्चों की जीत नहीं, बल्कि उनकी महीनों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर क्लब प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता ने जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

## बांधी ने उठाया तालाब गहरीकरण का जिम्मा



**मस्तूरी।** धरती के नीचे गिरते जल स्तर को गंभीरता से लेते हए जल संरक्षण के उपाए अब तलाशे जा रहे हैं, जिसके लिए गावों में शासन प्रशासन मिलकर काम कर रहे है। इसी कड़ी में मस्तूरी के जनउपयोगी पनभरिया तालाब में भी गहरीकरण होगा साथ ही पूर्व विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने अच्छी पहल करते हुए इस तालाब में पहले से मौजूद बड़े बड़े पत्थर व बोल्डर को निकालने कमर कसी है। वे प्रशासन व जनसहयोग से इस काम को पूरा कराएंगे। दरअसल इस निस्तारी के महत्वपूर्ण तालाब में पथरीला इलाका होने की वजह से ही जगह जगह बड़े बड़े पत्थर हैं, जिसके चलते जलभराव कम होता है, परन्तु अब गहरीकरण व पत्थरो के निकलने से तालाब में जलभराव ज्यादा होगा। साथ ही नहाने के समय जो शरीर में चोट लगने का जो खतरा महसूस होता है, उससे भी निजात मिलेगी। और लोग लंबे समय तक निस्तारी कर सकेंगे। डॉ बांधी ने क्षेत्र के ग्रामीणों से इस बरसात के पहले जल संरक्षण के लिए गहरीकरण के काम में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि, जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए तालाब सबसे प्राकृतिक और प्रभावी माध्यम हैं। ये बारिश के पानी को सहेजते हैं, जिससे आसपास के कुओं और नलकूपों में नमी बनी रहती है। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान क्षेत्रों में तालाब सिंचाई और भू-जल पुनर्भरण दोनों के लिए अत्यधिक उपयोगी हैं।

## जरौंधा में कर्मा जयंती, शोभायात्रा व सम्मान समारोह

- समाज की प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान



**तखतपुर।** साहू संघ केंद्र नगोई के तत्वावधान में ग्राम जरौंधा के पावन धरा में माता कर्मा सामुदायिक भवन में कर्मा जयंती शोभायात्रा एवं उत्कृष्ट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलक साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि पप्पू साहू जिला मंत्री सहित रामलाल साहू, नंदकुमार साहू, राधेश्याम साहू, श्रीमति शारदा साहू, जतीराम साहू, विनोद कुमार साहू, अंबिका साहू, कृष्ण कुमार साहू, नैनलाल साहू मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश साहू केंद्र अध्यक्ष ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा देवी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और कर्मा माता की आरती सांस्कृतिक वंदना के साथ हुआ। समारोह के प्रथम चरण में समाज के बच्चों और युवाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। देशभक्ति गीत, पारंपरिक मां कर्मा देवी के जीवन चरित्र पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 'उत्कृष्ट सम्मान समारोह' के दौरान समाज का गौरव बढ़ाने वाली विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके तहत बोर्ड परीक्षाओं और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर तिलक साहू जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू साहू जिला महामंत्री रामलाल साहू, नंदकुमार साहू, डॉ राधेश्याम साहू, शारदा साहू, जतीराम साहू विनोद कुमार साहू, अंबिका साहू, दिनेश साहू,कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, सुरेश साहू, शिवचरण साहू, गायत्री साहू, सुरेश साहू, बिहारी साहू, यशोदा साहू, घासीराम साहू ,दिनेश साहू, नेतराम साहू, कृष्ण कुमार साहू, बलिराम साहू,मालिक राम ,रामलाल, बड़कू, पुनऊराम साहू, सुरेश कुमार , विष्णु प्रसाद, शिवचरण साहू, गायत्री साहू, यशोदा साहू, घासीराम साहू, बिहारी साहू, ध्रुव कुमार साहू, नंदकुमार, अमनकुमार, गणेशाराम, हरि प्रसाद, माखन लाल, नंदराम, उदय राम साहू ठुमुक लाल साहू, बालाराम, मदन लाल साहू, कौशल साहू, विनोद साहू, बलदाऊ साहू, रमेश साहू, शिवचरण साहू, डॉ संतोष साहू, सीताराम, राजकुमार साहू विनय कुमार, उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**तखतपुर।** सरगांव के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक पिछले 10 दिनों से अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा था। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया, वहीं नगर में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार ब्लॉक कॉलोनी तखतपुर निवासी राज श्रीवास पिता बबलू श्रीवास उम्र 20 वर्ष बाउंसर का काम करता था। वह अपने पिता का एकलौता पुत्र था। लगभग 10 दिन पहले वह दुपहिया वाहन से सरगांव के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। लगातार 10 दिनों के इलाज के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हो पाया और उसने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय ..**बिलासपुर**..
रेफरी संख्या 402/2B BSP दिनांक 13.05.2026
श्री/श्रीमती/कुमारी **हैदर अली मुसलमान** (रजिस्टर्ड मालिक) एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड (Financio)** है/ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन उसर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है **संख्या सीजी 10 बी.एम. 7861** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे/ उत्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना
धारा 51 (5) के साथ।
तारीख ........................ पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
**सेवा**
फाइनेंसर .... **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड** ....
**ए1 काम्पलेक्स प्रथम तल, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**वाहन स्वामी :- हैदर अली मुसलमान, मकान नं 31, ग्राम झलमला पोस्ट सीपत, बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय ..**बिलासपुर**..
रेफरी संख्या .............. दिनांक ....................
श्री/श्रीमती/कुमारी **हैदर अली मुसलमान** (रजिस्टर्ड मालिक) एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड (Financio)** है/ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है **संख्या सीजी 10 बी.पी. 7862** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे/ उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना
धारा 51 (5) के साथ।
तारीख ........................ पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
**सेवा**
फाइनेंसर .... **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड** ....
**ए1 काम्पलेक्स प्रथम तल, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**वाहन स्वामी :- हैदर अली मुसलमान, मकान नं 31, ग्राम झलमला पोस्ट सीपत, बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय ..**बिलासपुर**..
रेफरी संख्या 395/RTO/26 दिनांक 06.05.2026
श्री/श्रीमती/कुमारी **चित्रकांत निर्मलकर** (रजिस्टर्ड मालिक) एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डस इंड बैंक लिमिटेड (Financio)** है/ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है **संख्या सीजी 10 बी.एस. 2824** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे/ उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना
धारा 51 (5) के साथ।
तारीख ........................ पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
**सेवा**
फाइनेंसर .... **इण्डस इंड बैंक लिमिटेड** ....
**ए1 काम्पलेक्स प्रथम तल, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**वाहन स्वामी :- वार्ड नं 36, दाऊ बाबा मंदिर के पास, तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच :-**
प्रति 1. आवेदिका स्टेला मसिह 2. करुणा गुप्ता 3. राजेन्द्र साहू 4. सागर दीप कालोनी
विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत्।
संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 17/03/2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. -99/44 रकबा 0.0130 हे. हेक्टेयर भूमि स्वामी स्टेला मसिह पिता/पति राजेश कुमार मसिह निवासी जरहाभाठा बिलासपुर के द्वारा सीमांकन / स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 18/05/ 2026 को समय 11 बजे किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी।
अतः सुचना जाने।
टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
राजस्व निरीक्षक,सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच :-**
प्रति 1. आवेदिका राजेन्द्र कुमार साहू 2. स्टेला मसीह 3. मंजू अग्रवाल 4. सागर दीप कालोनी 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत्।
संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 17/03/2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 99/44 रकबा 0.0120 हेक्टेयर भूमि स्वामी राजेन्द्र कुमार साहू पिता/पति बंशीराम साहू निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 18/05/2026 को समय 11 बजे किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी।
अतः सुचना जाने।
टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
राजस्व निरीक्षक,सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच :-**
प्रति 1. आवेदिका करूणा गुप्ता 2. स्टेला मसीह 3. सागर दीप कालोनी 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत्।
संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 17/03/2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 99/44 रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि स्वामी राजेन्द्र गुप्ता पति प्रमोद गुप्ता निवासी 27 खोली बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जाँच दिनांक 18/05/ 2026 को समय 11 बजे किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी।
अतः सुचना जाने।
टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
राजस्व निरीक्षक,सकरी

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**-:: ईश्तहार ::-**
क्र./ /वाचक/ ना.तह./2026
बोदरी, बिलासपुर दिनांक 05/05/2026
एतद् द्वारा ग्राम हरदीकलाटोना के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई साहू पिता स्व. महेत्तर प्रसाद साहू निवासी ग्राम हिर्री तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. कें द्वारा ग्राम हरदीकलाटोना स्थित स्वामित्व कि भूमि ख.नं. 1622/3 1763/1, 1465, 1622/1 रकबा क्रमशः 0.4050, 0.2150, 0.0280, 0.3620 कुल रकबा 1.0100 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है। जिसे फौति नामांतरण कराने हेतु आवेदन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति करना हो तो दिनांक 20/05/2026 को न्यायालय मे उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 05/05/2026 को न्यायालय की सील मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार**
**बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 15/05/2026
मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम जूनाबिलासपुर प.ह.नं.-36 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 715 मेंसे रकबा 1140 वर्गफीट हेतु आवेदक श्रीमती उषा मिश्रा पिता स्व. ओंकार प्रसाद उपाध्याय पत्नी स्व. केशव प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम बिनोबा नगर बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 03/06/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनाँक 15/05/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आदेश 05 नियम 20 (1क) व्य.प्र.सं.**
**न्यायालय श्रीमान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**
प्र.क्र. :- सी.सी./2019/70/19
पेशी तारीख : 22.05.2026
प्रोसेस क्रमांक :-
राम सिंह कंवर .....................आवेदक
**विरूद्ध**
शाखा प्रबंधक एच.डी.एफ.सी. बैंक बिलासपुर (छ.ग.) व अन्य 01..............अनावेदक
प्रति, किरीत राम साहू पिता धनाराम साहू निवासी ग्राम कोना तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) हाल मुकाम-मकान नंबर जी.व्ही.-07, नेहरू नगर, श्री राम हास्पिटल के पीछे बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
आवेदक के द्वारा इस जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक परिवाद इस आशय का अनावेदकगण के विरूद्ध पेश किया गया कि आवेदक के द्वारा अनावेदक क्र0 01 के बैंक संचालित खाता क्रमांक 50200016014981 में एक चेक क्रमांक 000004 दिनांक 20.10.2017 रूपये 6,00,000/-रु. (छह लाख रूपये) को भुगतान प्राप्ति करने हेतु अपने बैंक खाता में लगाया गया था, जिसके भुगतान क्लियरिंग रिपोर्ट बैंक द्वारा आवेदक को प्रदान किया जाना था, लेकिन अनावेदक क्र0 01 बैंक द्वारा मूल चेक व रिपोर्ट प्राप्त करने बाबत आवेदक बैंक में जाकर कई बार मांग किया लेकिन अनावेदक द्वारा रिपोर्ट आज तक प्रदान नही की गयी जिसके कारण आवेदक को यह परिवाद पेश करना पड़ा है।
उक्त परिवाद प्रकरण में क्रमांक 02 के रूप में आप पक्षकार है, एवं इस परिवाद प्रकरण की पेशी दिनांक 22.05.2026 को नियत है जिसमें आपकी उपस्थिति इस प्रकरण में आवश्यक है,। अतः दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप नियत पेशी दिनांक 22.05.2026 को उपस्थित स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसको सम्यक अनुदेश दिये है, तो अपने पक्ष के मय दस्तावेज व साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर अपना जवाब / आपत्ति पेश कर सकते है, यदि नियत पेशी दिनांक में उपस्थित नही होते हो तो प्रकरण का निराकरण एकपक्षीय रूप से किया जावेगा। यदि पेशी दिनाक 22.05.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके अगले कार्य दिवस में प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अतः आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
**आनंद कुमार सिंघल**
**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# पुरुषोत्तम मास शुरू, चलेगा जप, तप, दान-पुण्य का क्रम

वर्ष 2026 में अधिक मास, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, रविवार 17 मई से प्रारंभ होकर सोमवार 15 जून तक रहेगा। यह ज्येष्ठ मास का अधिकमास है। शास्त्रों के अनुसार यह भगवान विष्णु की भक्ति, जप, तप, दान-पुण्य, दीपदान और आध्यात्मिक साधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है।

## 15 जून तक रहेगा आध्यात्मिक साधना के लिए बेहतर समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मान्यता है कि इस पूरे महीने पूजा-पाठ, दान और भगवान की भक्ति करने से कई गुना ज्यादा पुण्य मिलता है। यह एक ऐसा समय होता है, जब कई चीजें करने की मनाही होती है और कुछ काम ज्यादा फल देने वाले माने जाते हैं। अधिक मास हिंदू कैलेंडर का एक अतिरिक्त महीना होना है। जिस तरह अंग्रेजी कैलेंडर में लीप ईयर आता है, उसी तरह हिंदी पंचांग में अधिक मास आता है। हिंदू पंचांग चंद्रमा की चाल पर चलता है। चंद्र वर्ष करीब 354 दिनों का, जबकि सूर्य आधारित साल 365 दिनों का होता है यानी दोनों में लगभग 11 दिनों का फर्क आ जाता है। यही अंतर धीरे-धीरे बढ़ते रहता है। इसे बैलेंस करने के लिए हर 32 महीने 15 दिन बाद एक अतिरिक्त महीना जोड़ दिया जाता है। यही अधिक मास कहलाता है।

### मन को शांत करने होता है अच्छा समय

धार्मिक मान्यता के अनुसार यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। माना जाता है कि इस दौरान पूजा का फल ज्यादा मिलता है। दान-पुण्य का महत्व बढ़ जाता है। मन को शांत करने का अच्छा समय होता है। जो भी सच्चे मन से पूजा-पाठ और दान करेगा, उसे विशेष आशीर्वाद मिलेगा। इस महीने में भगवान विष्णु, श्रीराम और श्रीकृष्ण की पूजा बेहद शुभ मानी जाती है। विष्णु सहस्रनाम पढ़ना, सत्यनारायण कथा सुनना, तुलसी पूजा करना या 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप कर सकते हैं। अधिक मास में जरूरतमंदों की मदद करना बहुत शुभ माना गया है। अन्न दान, कपड़े दान, दीपदान कर गरीबों को भोजन करा सकते हैं। संभव हो तो पूरे महीने सात्विक भोजन करें।

### नहीं होंगे शुभ कार्य

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस महीने में कुछ शुभ काम टालने की सलाह दी जाती है। इस महीने शादी-विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, नया बिजनेस शुरू करना, नया घर या गाड़ी खरीदना टालना चाहिए। जरूरी काम रोके नहीं जाते हैं, लेकिन मांगलिक कार्यों के मुहूर्त सामान्य तौर पर नहीं निकाले जाते हैं।

एजुकेशन

## फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी के लिए आवेदन 20 से

**बिलासपुर।** एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट 2 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो युवा भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में कमीशंड ऑफिसर बनने का सपना देख रहे हैं। उन युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन 20 मई से शुरू होने जा रहे हैं। उम्मीदवार 19 जून 2026 तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। ऐसे में अगर आप भी एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो इस लेख के जरिए हम आपको आयुसीमा से लेकर चयन प्रक्रिया तक पूरी जानकारी से अवगत करवाएंगे। इस बार उम्मीदवारों की योग्यता में बदलाव किया गया है। पहले ब्रांच में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य थे, लेकिन अब आवेदन करने के लिए 60% अंकों की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। हालांकि आवेदन करने के लिए कक्षा 12वीं में फिजिक्स और गणित में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। आवेदक की आयु की गणना 1 जुलाई 2027 के आधार पर की जाएगी।




### इतने स्टेज में होगा चयन

भारतीय वायुसेना में कमीशंड ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवारों को तीन चरणों को सफलापूर्वक पास करना अनिवार्य है। सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। लिखित परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके साथ ही एसएसबी में दौड़ और पुश-अप्स आदि का भी परीक्षण किया जाएगा। एफकैट परीक्षा के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,100 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

# राजनीति जब लड़खड़ाती है, तब साहित्य उसे संभालता है





## साहित्य केवल दशा नहीं, बल्कि दिशा भी दिखाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समन्वय साहित्य परिवार छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा प्रसंग का आयोजन प्राथना सभाकक्ष में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी हिंदी साहित्य और समाज के लिए डॉ शर्मा के अमूल्य योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर कई कृतियों का विमोचन हुआ, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में कई विभूतियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने घोषणा की कि डॉ पालेश्वर शर्मा की अप्रकाशित रचनाओं का प्रकाशन आयोग की ओर से किया जाएगा। संस्कृत विदुषी डॉ पुष्पा दीक्षित ने पाणिनि शोध संस्थान की ओर से कविराज की उपाधि प्रदान करने की घोषणा की। ऋषि और कृषि संस्कृति के उपासक, छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य के युग प्रवर्तक, हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी के मूर्धन्य साहित्यकार, भाषाविद, शिक्षाविद डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा की 98 जयंती पर स्मरणांजलि के रूप में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा की पुस्तक छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं परंपरा गुड़ी के गोठ का विमोचन किया गया। साथ ही डॉ देवधर महंत के संपादन में प्रकाशित की गई पुस्तक कीर्ति शेष डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा, सरला शर्मा की पुस्तक रात जागा पाखी उवाच और डॉ बरसाइत दास महंत की पुस्तक महाभारत काल में नारी का भी विमोचन किया गया।

इस अवसर पर विजय मिश्रा अमित, महेंद्र कुमार जैन, डॉ उषा किरण बाजपेई, सरला शर्मा ,शशि दुबे, डॉ. बेला महंत, सुश्री श्रुति प्रभला, बृजेश श्रीवास्तव,कवि किशोर तिवारी, किशोर सेतपाल, दिनेश कुमार चतुर्वेदी, बजरंग केडिया, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गोड़पारा का सम्मान किया गया।

### कृषक जीवन की शब्दावली को आगे बढ़ाया चाहिए

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा विद पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष साहित्य भाषा अध्ययनशाला पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के डॉ चितरंजन कर ने कहा कि डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा भाषा विद, साहित्यकार, अनुवादक, समीक्षक, चिंतक और शिक्षक थे। शिक्षक के रूप में उनका अवदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कृषक जीवन की शब्दावली को लेकर डॉ शर्मा ने जो कार्य किया है, उसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए । इन्होंने कहा की राजनीति जब लड़खड़ाती है, साहित्य उसे संभालता है। साहित्य केवल दशा नहीं दिखाता ,बल्कि दिशा भी दिखाता है। डॉ चितरंजन ने कहा कि यह आयोजन डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह का पूर्वाभ्यास है। उन्होंने इसके आयोजन के लिए राजीव नयन शर्मा, साधना शर्मा ,अनन्या शर्मा, दीपांजलि शर्मा को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि गुड़ी के गोठ काल के साथ संवाद है और जो रचनाकाल के साथ संवाद करती है, वही कालजही होती है। उन्होंने जो अपने समय में जो देखा है वही लिखा है।

### छत्तीसगढ़ी भाषा हमारी अस्मिता की पहचान

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा छत्तीसगढ़ के गौरव हैं। उन्होंने एक जीवन में अनेक जीवन जी लिया। लिखना सबसे दुष्कर कार्य है। लेकिन ईश्वरीय कृपा के साथ पुरुषार्थ ने डॉ शर्मा को संस्कृति पुरुष बना दिया। वे छत्तीसगढ़ गद्य में शलाका पुरुष है,उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा हमारी अस्मिता की पहचान है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा दीक्षित ने कहा कि डॉ पालेश्वर शर्मा जैसे लेखकों की रचनाएं उनकी पहचान बनाती हैं। उन्हें समझने के लिए एक ही किताब काफी है। उन्होंने घोषणा की कि पाणिनी शोध संस्थान की ओर से डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा को कविराज की उपाधि प्रदान की जाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ अजय पाठक ने कहा कि डॉ पालेश्वर शर्मा का व्यक्तित्व ऐसा था जैसे किसी किसान के भीतर विद्वान की मशीनरी फिट कर दी जाए।

## मैथिलीशरण गुप्त का पूरा जीवन और साहित्य राष्ट्र के लिए समर्पित

**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी एवं गहोई वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त गौरव ग्रंथ लाल बरसैंया,डॉ नीतू बरसैंया, डॉ विनोद कुमार गुप्त का विमोचन एवं विमर्श कार्यक्रम न्यायमूर्ति चन्द्र भूषण वाजपेई के मुख्य आतिथ्य डॉ पूर्व राजभाषा आयोग विनय कुमार पाठक एवं मनोहर लाल बरसैंया, डॉ श्याम लाल निराला प्राचार्य,लक्ष्मी नारायण बिलैया एवं डॉ आर के गंधी के विशेष आतिथ्य में हुआ।



प्रमुख अतिथि न्यायमूर्ति डॉ चन्द्र भूषण वाजपेई ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त का पूरा जीवन और साहित्य राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने खड़ी बोली हिन्दी को समृद्ध किया तथा महाकाव्य, खण्ड काव्य,मुक्तक व प्रगीत काव्य के द्वारा हिन्दी काव्य की नींव स्थापित की। अध्यक्षता की आसंदी से डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने राष्ट्रीय विमर्श की जो आधारशिला रखी, उसके विकास और कार्यान्वयन का समय आ गया है। डॉ विनय कुमार पाठक ने गौरव ग्रंथ की समीक्षा करते हुए कहा कि समीक्षकों ने वाद को प्रमुखता देकर और राष्ट्रीय नारा को पार्श्व में रखकर जो भूल की है, उसे अब सुधारने और पुनर्पाठ के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समावेशित करने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि संपादक मनोहर लाल बरसैंया ने गौरव ग्रंथ की संकल्पना और संघर्ष का ब्यौरा प्रस्तुत किया, वहीं डॉ श्याम लाल निराला ने गौरव ग्रंथ को राष्ट्र स्तर का निर्दिष्ट करते हुए संपादक त्रय को बधाई दी। लक्ष्मी नारायण बिलैया एवं डॉ आर के गंधी ने गहोई वैश्य समाज बिलासपुर द्वारा राष्ट्र कवि की जयंती मनाने व उनकी प्रतिमा स्थापित जैसे महत्वपूर्ण कार्य की योजना का स्मरण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनोद कुमार गुप्त संपादक एवं आभार प्रदर्शन राज कुमार बरसैंया ने किया। इस अवसर पर राधवेंद्र दूबे, डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर बजरंगबली शर्मा और विष्णु कुमार तिवारी प्रमुख थे।

धर्म-क्षेत्र

## यज्ञ, हवन कर गाए गए भजन आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग



**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का आयोजन किया गया। यज्ञ, हवन के बाद सत्संग प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष रूपलाल चावला ने भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद युवाओं में बढ़ती नास्तिकता विषय पर अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। शिक्षक उदय राजपाल ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक संस्कार न मिलने के कारण नास्तिकता बढ़ रही है। दुख भंजन जायसवाल ने कहा कि माता-पिता की जिम्मेदारी है कि बच्चों को हर सप्ताह वैदिक सत्संग में लाकर ज्ञान अर्जित करवाएं तभी वह आस्तिक बन सकते हैं। युवा कुंज राम साहू ने कहा कि आज के युवाओं की सोच वैज्ञानिक या तर्क पूर्वक है। आज का युवा हर तथ्य को तर्क से जानना चाहता है। इस वैज्ञानिक युग में वर्षों से चली आ रही रूढ़िवादिता परंपराओं को युवा स्वीकार नहीं करते हैं, क्योंकि वह विज्ञान सम्मत नहीं है। ऐसी रूढ़िवादिता और विसंगत क्रियाकलापों से युवा नास्तिक बनते जा रहे हैं। मुख्य वक्ता आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि हमारा सबसे प्राचीन सनातन वैदिक धर्म है जोकि विज्ञान सम्मत है। सांख्यदर्शन के ऋषि कहते हैं कि वेदों में एक-एक वाक्य बुद्धि पूर्वक है लेकिन महाभारत के बाद वेदों को पढ़ना-पढ़ाना छूट जाने के कारण लोगों ने धर्म के नाम पर अनेक रूढ़िवादिता प्रचलित कर दी और अनेक मत, पंथ चल पड़े।

## श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान में चरण पादुका एवं शिवलिंग स्थापना दिवस

# कोनी आश्रम में 24 घंटे गूंजा अघोर महामंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अघोरपीठ श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान में पूज्य गुरुदेव अवधूत अघोरेश्वर भगवान राम विभूति स्थल, चरण पादुका एवं शिवलिंग स्थापना दिवस पूज्य गुरुदेव पूज्यपाद गुरुपद संभवराम बाब के निर्देशन में श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का समापन प्रातःकालीन भव्य आरती, गुरु स्तुति एवं भजनों के साथ हुआ। उमेश नारायण मिश्रा ने सफलयोनि ग्रंथ का पाठ किया। 24 घंटे अघोर महामंत्र की गूंज होती रही।

दो दिवसीय इस भव्य धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु गुरु भक्ति में लीन होकर अखंड परिक्रमा, भजन, महामंत्र जाप एवं आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने अघोर परंपरा के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। बाबा अवधूत भगवान राम की विशेष पूजा की गई। अघोरेश्वर भगवान राम विभूति स्थल पर "अघोरान्ना परो मंत्र नास्तित्वं गुरुः परम" महामंत्र के गूंजते स्वर के बीच 24 घंटे तक अखंड परिक्रमा एवं महामंत्र जाप चलता रहा।



पूज्य आत्माराम बाबा ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान करते हुए गुरु के प्रति सच्ची निष्ठा, सेवा और समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आश्रम में किया गया प्रत्येक कार्य, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि अच्छे संस्कार, सत्कर्म, विनम्र व्यवहार एवं दूसरों के प्रति सद्भाव रखना ही सच्ची शिक्षा है। आश्रम व्यक्ति को इन्हीं मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। ग्राम सेमरचुआं की मां महामाया कीर्तन मंडली ने भजन पेश किया। राकेश दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।

### आध्यात्मिक गोष्ठी

गुरु ज्ञान, निष्ठा एवं आत्मिक विकास पर पारिवारिक आध्यात्मिक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। जिसे धर्मेन्द्र श्रीवास, सिमरन, प्रितम एवं अनुराग ने प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने गुरु ज्ञान, निष्ठा एवं आत्मिक विकास विषय पर अपने विचार साझा किए। जितेन्द्र सिंह चौहान, संजय सराफ, हिमांशु तिवारी, श्याम सिंहदेव एवं अभिजीत तिवारी सहित शिष्यों ने गुरु वचनों, आध्यात्मिक साधना तथा जीवन में गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि गुरु के उपदेश केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे व्यक्ति को श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान है। सच्ची श्रद्धा, सेवा एवं निष्ठा के माध्यम से ही गुरु कृपा प्राप्त की जा सकती है। निष्ठा ही गुरुदेव तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। गोष्ठी का संचालन अभय पांडेय ने किया।

कार्यक्रम

## ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरे संदेशात्मक चित्र



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन परिवार के वरिष्ठ सदस्य डॉ संतोष गेमनानी के मार्गदर्शन में एक माह के लिए नशा मुक्त बिलासपुर अभियान चलाया गया। इसके समापन पर रविवार को ड्राइंग प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें बच्चों ने नशा मुक्त बिलासपुर विषय पर अच्छे संदेश के साथ चित्र उकेरे। अतिथियों ने नशा मुक्त बिलासपुर के लिए साथ मिलकर काम करने की शपथ ली। विगत 17 अप्रैल से आरंभ इस अभियान में प्रतिदिन लोगों से नशे की रोकथाम हेतु उनसे विचार साझा किया गया। भीषण गर्मी में भी यह अभियान प्रतिदिन चला। इस दौरान यह निकल कर सामने आया कि छत्तीसगढ़ राज्य का स्थान नशे में दूसरे नंबर पर आता है जो बहुत ही चिंता जनक एवं गंभीर विषय है। वहीं नशे से हर वर्ग के लोग परेशान हैं और हर व्यक्ति इससे छूटकारा पाना चाहता है पर पर्याप्त संवाद स्थापित नहीं होने से लोग भटक रहे हैं। कार्यक्रम में विनोद मेघानी, पीएन बजाज, पूरण सिदारा, महेंद्र जैन, किशोर गेमनानी, मोतीलाल गंगवानी, डॉ ललित माखीजा, डॉ ओम माखीजा, डॉ राजकुमार सचदेव, सौरभ दुबे, सीमा टेकवानी, रोबिन वाधवानी, सृष्टि सिंह, अनीता तिवारी, हीरानंद छुगानी, जसमीत सिंह टुटेजा, राजकुमार धामेचा, मनोहर आहुजा, अमित डोडेजा, प्रकाश अग्रवाल, देवदत्त तिवारी, भूपेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। यह जानकारी संस्था प्रमुख नीरज गेमनानी ने दी।

स्पोर्टर्स न्यूज

# प्री नेशनल कोचिंग कैंप खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में 16 से 22 मई तक सब जूनियर बेसबॉल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप लगाया गया है, जिसमें चयनित खिलाड़ी नेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। बेसबॉल संघ के सहसचिव अख्तर खान ने बताया कि 31 वें सबजूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भुवनेश्वर में 24 से 29 मई में तक किया जाएगा। इसमें प्रदेश की बेसबॉल की बालक बालिका की टीम भी भाग लेगी। प्री नेशनल कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल में मैदान में लगाया गया है।

उद्घाटन समारोह में प्रदेश बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पलक जायसवाल, प्रदेश महासचिव सुश्री मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ. कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा मौजूद थे। डॉक्टर पलक जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को एक टीम की तरह मिलाकर खेलने के लिए कहा और साथ ही प्रदेश के लिए पदक लेकर आए ऐसी उम्मीद जताई। महासचिव मिताली घोष ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन से पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर जिले में किया गया था, जिसमें बालक वर्ग में 9 और बालिका वर्ग में 7 जिलों की टीम ने भाग लिया था। इनमें से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का इस प्री नेशनल कोचिंग कैंप में चयन किया गया है। कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी लखन लाल देवांगन, संदीप गाहिरे, अंकुर राजक, नेहा यादव, भूमिका श्रीवास के द्वारा फील्डिंग हीटिंग कैचिंग और साथ में मैच की प्रैक्टिस भी कराई जाएगी।




बालिका टीम में रागिनी ध्रुव, सोनाली ध्रुव, आयुषी, चांदनी साहू, जयश्री, शालिनी मानिकपुरी, सुमन साहू, प्रियांशु, अदिति कुमारी, तृषा केसरी, खुशी, दिव्या, भूमि, दिव्या, खिलेश्वरी निषाद, कामिनी, हर्षित, मुकेश शामिल हैं। बालक टीम में उत्कर्ष, पंकज, चंद्रेश कुमार, शुभम सेन, आर्यन पटेल, मानस कुमार, कमल, आशीष जांगड़े, चमन, हर्षवर्धन राय, दीपक कुमार, अथर्व दीवान, आरव दीवान, बलिराम, संजू, चिंटू साहू, राहुल कुमार, साहिल दास को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मिस्त्री घायल



**बिलासपुर।** सेंट्रिंग का काम कर रहा मिस्त्री छत के ऊपर से जा रही हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इस दौरान वह सीधे जमीन पर गिर पड़ा, इस दौरान उसका शरीर जल गया है। आसपास के लोगों ने उसे सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र के कड़ार गांव की है, जहां मिस्त्री सूरज कुमार राजगीर पिता कांशी राम राजगीर पड़ोसी के घर की छत पर राड बांध रहा था, सुबह 10.30 बजे वह छप पर चढ़ा, इस दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर झुलस गया। जिसे एम्बुलेंस के सहारो सिम्स में भर्ती किया गया है, प्रारंभिक उपचार के बाद उसे कैजुवल्टी में शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव में हाईटेंशन लाइन काफी नजदीक आ चुका है, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई है। फिलहाल सूरज की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### किसान से 4 लाख की ठगी, व्यापारी पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** किसान से धान खरीदकर व्यापारी ने 4 लाख 400 रुपए का बंद हो चुकी बैंक शाखा का चेक थमा दिया। पुलिस ने धान व्यापारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम केंवटाडीह भुतहा निवासी सोनू गौरहा ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होने जनवरी 2026 में ग्राम ससहा पामगढ़ निवासी राजेश कुमार साहू को 143 क्विंटल धान 2800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा था। धान की कुल कीमत 4 लाख 400 रुपए हुई। राजेश कुमार साहू ने भुगतान बाद में करने की बात कही थी। किसान श्री गौरहा के द्वारा बार बार पैसा मांगने पर बिक्री रकम नहीं दे रहा था। काफी समय बाद राजेश साहू ने 20 फरवरी 2026 को उन्हें इलाहाबाद बैंक शाखा कोसला का 4 लाख का चेक दिया। उन्होंने 5 मई को उक्त चेक को बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा मल्हार में जमा किया तो दूसरे दिन बैंक ने चेक वापस कर दिया। उन्होंने इलाहाबाद बैंक में जानकारी ली तो पता चला उक्त बैंक खाता 29 अक्टूबर 2024 से बंद है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धान व्यापारी राजेश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सोने की चेन हड़पने वाली महिला पर अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** गिरवी रखे सोने की चेन हड़पने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के



अनुसार, कुदूदण्ड निवासी अमित छत्रवाणी प्राइवेट काम करते हैं। पिता की मृत्यु होने पर उन्होंने पत्नी ललिता की सोने की चेन मुंगेलीनाका सथित माही ज्वेलर्स में 30 हजार रुपए में गिरवी रखा। इसी दौरान उनके परिचित रविन्द्र उर्फ कल्लू मानिकपुरी ने उन्हें अपनी परिचित पंखुड़ी उर्फ दिव्यांका माखिजा से मिलवाया और कहा कि वह बिना ब्याज के गिरवी संबंधी मदद कर देगी। 1 जनवरी 2026 को पंखुड़ी माखिजा अमित को लेकर माही ज्वेलर्स पहुंची और 33 हजार रुपए जमा कर सोने की चेन छुड़वाकर अपने पास रख लिया। अमित से कहा जब भी वह 33 हजार रुपए देंगे वह चैन वापस कर देगी। तीन माह बाद अमित पैसा लेकर अपनी सोने की चेन लेने गया तो महिला उन्हें घुमाने लगी। बाद में उन्हें जानकारी हुई महिला उक्त सोने की चेन 12 जनवरी को मणापुरम गोल्ड लोन में गिरवी रखकर 1 लाख 33 हजार रुपए लोन ले लिया है। अमित छत्रवाणी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**राहत**

निजी स्कूल एसोसिएशन का 4 मार्च से चल रहा था आंदोलन, सरकारी स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले खर्च को सार्वजनिक करने की मांग

# अभिभावकों के लिए राहत, आज से फिर शुरू होंगे निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अपने पहले के फैसले को बदलते हुए इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश नहीं देने का निर्णय वापस ले लिया है। अब प्रदेश के सभी निजी स्कूलों में 18 मई सोमवार से आरटीई एडमिशन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी। हालांकि संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि रीइंबर्समेंट राशि बढ़ाने और एंट्री क्लास में बदलाव के विरोध में चल रहा असहयोग आंदोलन अभी जारी रहेगा।

गौरतलब है कि निजी स्कूल संचालकों ने एक मार्च से असहयोग आंदोलन शुरू किया था। इसके बाद 4 अप्रैल को हुई बैठक में इस साल आरटीई प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया गया था। संगठन का आरोप है कि उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। एसोसिएशन ने सरकार से यह भी




मांग की है कि शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले वास्तविक खर्च को सार्वजनिक किया जाए।

### बिलासपुर में 2 हजार सीटें खाली

संगठन के अनुसार, हाल ही में जारी शिक्षा विभाग के आंकड़ों में राज्य के 33 में से 29 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक आरटीई सीटें खाली पाई गई हैं। इसे संगठन ने अपने आंदोलन की सफलता के रूप में बताया है। बिलासपुर में भी 2 हजार से अधिक सीटें अभी तक नहीं भर सकीं हैं। इसके साथ ही एसोसिएशन का दावा है कि पहले हर साल लगभग 65 हजार छात्रों को आरटीई के तहत प्रवेश मिलता था, जबकि इस बार रिक्त सीटों की संख्या करीब 22 हजार ही रह गई है।

### एंट्री क्लास बदलने का भी विरोध

गौरतलब है कि इस बार स्कूल शिक्षा विभाग ने कई निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एंट्री क्लास बदलकर पहली कक्षा कर दी है, जिसका भी विरोध किया जा रहा है। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा। संगठन ने बताया कि इस मुद्दे पर दायर याचिका फिलहाल बिलासपुर हाईकोर्ट में लंबित है।

---

बेतरतीब पार्किंग के कारण संकरी हो जाती हैं सड़कें

# नियमों को ठेंगा दिखा रहे वाहन चालक पीली लाइन के बाहर पार्क हो रही गाड़ियां



अपेक्स बैंक के सामने नेहरू चौक।



लिंक रोड पर अवैध पार्किंग।



मगरपारा सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी एक गंभीर समस्या है। मुख्य सड़कों पर पीली लाइन खींची गई है, ताकि उसके अंदर गाड़ियां पार्क की जा सकें, परन्तु सभी मुख्य मार्गों पर पीली लाइन के बाहर गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं, इससे लगातार ट्रैफिक जाम होता है और आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बेतरतीब पार्किंग के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं।

- ट्रैफिक जाम से आने जाने वालों को होती है परेशानी

आलम यह है कि शाम तक तो दो पहिया वाहनों का भी निकलना दूभर हो जाता है। सड़क का लगभग 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा अवैध पार्किंग जाता है। इससें सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस और स्कूल बसों को होती है। पीली लाइन के बाहर खड़ी गाड़ियों के कारण अक्सर बॉटलनेक की स्थिति बन जाती है,जहां एक भी बड़ी गाड़ी आने पर पूरा ट्रैफिक ठप हो जाता है।

### लगातार चल रहा अभियान

ट्रैफिक पुलिस की टीम टीम लगातार अभियान चलाती रहती है, पुलिस का मुख्य ध्यान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर रहता है, ओवर स्पीडिंग,सीट बेल्ट ,बिना हेलमेट पर ध्यान दिया जाता है। अवैध पार्किंग को लेकर भी हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

**-रामगोपाल करियारे,**
एडीशनल एसपी ट्रैफिक

### इन जगहों पर है बड़ी समस्या

**कलेक्टोरेट रोड** : कलेक्टोरेट जाने वाले मार्ग पर सबसे बुरा हाल है। इस क्षेत्र के ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है, परन्तु लोग वहां गाड़ियां नहीं खड़ी करते, गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी की जाती हैं। सड़क पर गाड़ियों और दो पहिया वाहनों की आवाजाही से पूरी सड़क कवर हो जाती है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यहां लगातार कार्रवाई की जाती है, फिर भी वाहन चालकों पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसी तरह नेहरू चौक के पास स्थित नगर निगम कार्यालय और अपेक्स बैंक के सामने मुख्य मार्ग पर बेतरतीबी से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं।

**लिंक रोड, मगरपारा रोड** : शहर के सबसे व्यस्त मार्ग लिंक रोड और मगरपारा रोड पर भी बेतरतीब पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। इन दोनों सड़कों पर बेतरतीबी से वाहन खड़े किए जाने से ट्रैफिक जाम होता रहता है। लिंक रोड पर फास्टफूड के ठेले खड़े होते हैं, यहां पहुंचने वाले अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं। इसी तरह मगरपारा रोड पर बड़ी संख्या में दुकानें बना ली गई हैं। इन दुकानों के सामने कतार से वाहन खड़े होते हैं, इस सड़क पर दोपहिया वाहन चलाने में भी मुश्किल होने लगती है।

**सरकंडा** : अवैध पार्किंग की समस्या से सरकंडा क्षेत्र भी अछूता नहीं है। यहां सीपत चौक से लेकर नूतन चौक और आगे अशोक नगर चौक पर कतार से दुकानें बन गई हैं। सभी दुकानों के सामने बेतरतीबी से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, इससे आने जाने वालों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

---

गाड़ियों में की गई थी पत्थरबाजी

# ड्राइवर की हत्या करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी।

**बिलासपुर/बिल्हा।** तीन गाड़ियों में पत्थराव कर ड्राइवर की हत्या के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गर्लफ्रेंड के नहीं मिलने पर आक्रोशित होकर दोनों युवकों ने शराब के नशे में गाड़ियों पर पथराव किया था।

- बिल्हा पुलिस को मिली सफलता

बिल्हा पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 की रात बलौदाबाजार निवासी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीबी, 0655 में अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर चालक सोनू राज चकरभाठा जाने निकला था। भाठापारा बिल्हा मेन रोड ग्राम झाल में रात 12.30 बजे बाइक सवार दो युवकों ने चालक को ईंट फेंककर मारा, जिससे ट्रक खेत में घुसकर एक मकान से टकरा गया था। उसके बाद 500 मीटर की दूरी में बाइक सवार दोनों युवकों ने बेलटुकरी से बारातियों को लेकर पथिरया लौट रहे स्वराजमाजदा के ड्राइवर को फेंककर मारा। जिससे ड्राइवर पथरिया तुमाढेरा निवासी देवकुमार भोसले पिता जगदीस प्रसाद भोसले 40 साल की मौत हो गई थी। उसके बाद युवकों ने 3 किलो मीटर दूर बलौदाबाजार रामपुर से बारात जा रही स्कार्पियो के ड्राइवर साइड लाल रंग के पत्थर फेंका, जिससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई और 5 बाराती घायल हो गए।

### गर्लफ्रेंड के नहीं मिलने पर मचाया उत्पात

आरोपी पंकज कुमार ध्रुव का एमएम फिशरी में काम करने वाली एक युवती से प्रेम संबंध था। घटना के दिन युवती रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बिल्हा आ गई थी। युवती ने पंकज को मिलने के लिए बिल्हा बुलाया। पंकज अपने एक साथी के साथ बिल्हा युवती से मिलने आया। काफी इंतजार के बाद भी युवती उनसे मिलने नहीं आई तो दोनों आक्रोशित होकर बिल्हा की शराब दुकान में जाकर छककर शराब पी। उसके बाद रामपुर जाते समय रास्ते में चलते गाड़ियों में पत्थराव करने लगे थे।

### यूपी से लौटने के बाद माता पिता के घर में छिपा

आरोपी मोहन निषाद वारदात को अंजाम देने के बाद काम की तलाश में यूपी चला गया था। एक सप्ताह बाद वह वहां से गांव लौटा तो उसे जानकारी मिली कि पुलिस उसे खोज रही है, वह आनन फानन में अपने माता पिता के घर धमतरी सिहावा गोरेडोंगरी चला गया था। पुलिस उसके घर में दबिश दी तो वह नहीं मिला। सख्ती बरतने पर घरवालों ने बताया, वह राइसमिल में काम कर रहा है। पुलिस ने राइसमिल से उसे गिरफ्तार किया है।

### पकड़े गए आरोपी

- पंकज कुमार ध्रुव पिता कुलेश्वर ध्रुव 21 साल नयापारा वार्ड क्रमांक 16 टेंगा धमतरी
- मोहन निषाद पिता देवचरण निषाद 30 साल कोहरौदा बिल्हा

### घायल दूल्हे से मिला सुराग

सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। उसके बाद टीआई तोप सिंह नवरंग ने स्कार्पियो पलटने से घायल दूल्हा बलौदाबाजार करहीबजारी रामपुर निवासी भास्कर से पूछताछ की तो उसने बताया, हादसे के दौरान रामपुर एमएम फिशरी में काम करने वाले दो युवक मौके पर आए थे और उन्होंने घायलों की मदद की थी। पुलिस रामपुर एमएम फिशरी में जाकर जानकारी ली तो पता चला कि घटना की रात दोनों युवकों ने आतिशबाजी की थी, उक्त पटाखा बाराती गाड़ी स्कार्पियो से निकाला गया था, पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो दोनों ने गाड़ियों में पत्थरबाजी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 110, 103, 1, 115, 2, 3, 5 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# कमीशन में जालसाजों को बैंक खाता देने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसबीआई व्यापार विहार शाखा के पास कमीशन में बैंक खाता देने का लालच देते पकड़े गए युवक के माध्यम से पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों को अम्बिकापुर से पकड़ा है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों के द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरूद्ध देश भर में 60 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

- उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरुद्ध देश भर में 60 से अधिक शिकायतें

13 मई को तारबाहर पुलिस ने व्यापार विहार स्टेट बैंक के पास लोगों को बैंक पासबुक उपलब्ध कराने पर कमीशन देने का लालच देते हुए सूरजपुर बसदई सिरसी निवासी दीपेश कुमार गुप्ता पिता दिलीप कुमार गुप्ता 21 साल को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को जांच के दौरान आरोपी के जब्त मोबाइल से महत्वपूर्ण तकनीकी इनपुट एवं डिजिटल साक्ष्य हाथ लगे। उसके आधार पर पुलिस ने अम्बिकापुर में दबिश देकर आरोपी के फरार साथी नवतीत मिश्रा उर्फ विक्की पिता संजय मिश्रा नवापारा गांधीनगर अम्बिकापुर, ऋषभ साहू पिता विरेन्द्र साहू 24 साल कंपनी



बाजार अम्बिकापुर, राजा घरानी पिता रंजन घरानी 22 साल डिगमा नेहरू नगर गांधीनगर सरगुजा निवासी को पकड़ लिया। तीनों से जब्त मोबाइल की जांच में यह तथ्य सामाने आया गिरफ्तार आरोपी दीपेश कुमार गुप्ता एवं तीनों युवक आपस में व्हाट्सएप एवं मोबाइल माध्यम से विभिन्न वयक्तियों के बैंक खातों की जानकारी साझा करते थे और म्यूल अकाउंट नेटवर्क संचालित कर रहे थे। प्रारंभिक तकनीकी विश्लेषण में यह भी पाया गया कि आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरूद्ध देश के विभिन्न राज्यों में 60 से अधिक साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी ककी रकम प्राप्त करने, ट्रांसफर करने एवं निकालने के लिए किया जा रहा है। तीनो आरोपियों की मोबाइल जब्त कर तकनीकी परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों एवं उनसे जुड़े अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं नेटवर्क की विस्तृत जांच जारी है।

---

# बिजली विभाग के ढर्रे से उपभोक्ता परेशान ट्रांसफार्मर व लाइन की खराबी बनी वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि ट्रांसफार्मर व केबल में बार बार खराबी आ रही है, इसकी शिकायत भी की गई लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी कामचलाऊ व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे है, उनके जाते ही समस्या जस की तस रहती है। ऐसे में उपभोक्ताओं ने डिवीजन के कार्यपालन यंत्री से इसकी शिकायत की है।

मामला विकास नगर 27 खोली के आसपास का है। वार्ड नंबर 15, संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास ट्रांसफार्मर को लेकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने पश्चिमी डिवीजन के ईई से मुलाकात की। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि ट्रांसफार्मर अक्सर खराब रहता है, सर्विस लाइन केबल मकड़ी का जाल हो चुका है। जिसके चलते हल्के हवा में भी कई बार बिजली बंद हो जाती है। ट्रांसफार्मर का इन्कोमिंग, आउटगोइंग केबल व लक्स क्षतिग्रस्त है। ट्रांसफार्मर से खम्भे में जाने वाला पावर केबल कई जगहों से कटा है। सर्विस तार समूह में अव्यवस्थित तरीके लगाए गए है। जिससे चलते एक उपभोक्ता की लाइन सुधारते ही दूसरे उपभोक्ता की बिजली बंद हो जाती है। इस कारण कई बार शार्ट सर्किट होने का खतरा मंडराते रहता है।

बताया जा रहा है कि फ्यूज कॉल कर्मचारियों द्वारा केबल को जोड़-तोड़ कर कामचलाऊ तरीके से लाइन शुरू की गई है जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शार्ट सर्किट, लो वोल्टेज से सामान व जन हानि होने की आशंका बनी हुई है।



### जक्शन बाक्स के ढक्कन गायब

खास बात यह है कि शहर भर में ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स के ढक्कन गायब है। फ्यूज कॉल कर्मचारी अक्सर इन बाक्स को बंद करना भूल जाते है और समय के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा इसे तोड़ दिया जाता है। जिससे इसके अंदर लगे ग्रिप और तार झांकते रहते है। इससे बच्चे और जानवरों को करंट लगने की आशंका बनी रहती है, लेकिन विभाग लाखों रूपए खर्च कर इस समस्याओं का निदान नहीं कर सकता है।

### सर्विस तार विभाग नहीं देता

उपभोक्ताओं की शिकायत को कर्मचारियों को भेज दिखवा लिया जाएगा। सर्विस तार विभाग द्वारा नहीं दिया जाता है, अगर यह खराब है तो उपभोक्ताओं को स्वंय ही लाना होगा। ट्रांसफार्मर में दिक्कत नहीं है।

**-भरत भूषण नेताम,** ईई,
पश्चिमी डिवीजन

---

### नहर में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** नहर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, ईटवा निवासी प्रदीप पाटले पिता बीरबल पाटले 28 साल शनिवार की शाम घर से निकले थे। सुबह उनकी गांव के नहर में लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर नहर से लाश निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### अनियंत्रित कार ने मालवाहक को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** रतनपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरकंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय (एग्रीकल्चर कालेज)के सामने तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे छोटे मालवाहक पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में माल वाहक का चालक सड़क पर गिर गया उसे सिर पर गंभीर चोट आई, जिसे तत्काल इलाज के लिए मंगला अस्पताल में भरती कराया गया।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरेला (सीपत)निवासी मुकेश राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत अपने छोटे मालवाहक से माल छोड़ने गनियारी गए हुए थे। दोपहर में वे गनियारी से माल खाली करने के बाद रतनपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से लौट रहे थे, इसी दौरान लोधीपारा के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार



सिल्वर ग्रे रंग की कार क्रमांक सीजी 10 बीएच 5049 के चालक ने मालवाहक को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि अतुल जेम थ्री-वीलर का पिछला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसकी चेचिस भी टूटकर धंस गई। घायल चालक को राहगीरों की मदद से मंगला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सरकंडा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पति को दूध लेने भेजकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आरोप प्रत्यारोप लगाकर मायके व ससुराल पक्ष के लोग झगड़ते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, जरहागांव मुंगेली निवासी पूर्णिमा लहरे पति रोहित लहरे 23 साल ने प्रेम विवाह किया था और तिफारा ईडब्ल्यूएस कालोनी के मकान नम्बर 498 में रह रही थी। 17 मई की सुबह पूर्णिमा ने अपने पति को दूध व अन्य सामान खरीदने के लिए दुकान भेज दिया। उसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रोहित सामान लेकर घर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर उसने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो पूर्णिमा फांसी पर लटकी हुई थी। उनका बच्चा सोफा पर बैठा हुआ था। सूचना पर मृतका के मायके पक्ष व रोहित के घरवाले मौके पर आ गए। मायके पक्ष वाले पति पर मारपीट करने व हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाकर आपस में झगड़ा करने लगे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411